
वर्ष : 33 अंक : 293 पृष्ठ : 8 मुंबई, बुधवार, 8 जनवरी 2025 RNI: MAHHIN/49994/91 मूल्य : 3 रुपए epaper.dobajedopahar.com संपादक : अरुण लाल



# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 'गुडाचारी 2' से जुड़ीं वामिका

P8 आसाराम बापू को मिली बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने 31 मार्च तक दी जमानत




# महाराष्ट्र में लागू होगी ई-कैबिनेट

## डिजिटल शासन से बढ़ेगी पारदर्शिता

## सरकारी फैसले पोर्टल पर डाले जाएंगे

**अमित बृज | मुंबई**

योजनाओं को गतिशील और पारदर्शी बनाने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में ई-कैबिनेट को अपनाने का फैसला किया है, जिसके तहत इलेक्ट्रॉनिक तरीके से काम किया जाएगा। ई-कैबिनेट में लिए गए निर्णयों को पोर्टल के माध्यम से जनता तक उपलब्ध कराया जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्य सचिव सुजाता सौनिक के मुताबिक, ई-कैबिनेट राज्य सरकार की एक पर्यावरण अनुकूल पहल है। इससे कैबिनेट बैठकों के लिए कागज के बड़े पैमाने पर उपयोग को कम करने में सहायक होगा। इस हरित पहल के तहत कागज रहित कैबिनेट बैठक स्मार्ट टैबलेट के माध्यम से आसानी से आयोजित की जा सकेंगी। इसी व्यवस्था के कारण मंत्रियों के लिए अत्यधिक सुलभ डैशबोर्ड उपलब्ध होंगे।

### राज्य में ई-फाइलिंग : फडणवीस

फडणवीस ने कहा कि हमने राज्य में ई-फाइलिंग को स्वीकार कर लिया है और हमारी फाइलों का आदान-प्रदान इलेक्ट्रॉनिक तरीके से होता है। यहां तक कि मंत्रिमंडल की फाइलों का आदान-प्रदान भी इलेक्ट्रॉनिक तरीके से होना चाहिए। इसके लिए हम ई-कैबिनेट अपना रहे हैं।



### सिस्टम पूरी तरह से डिजिटल

यह सिस्टम पूरी तरह से डिजिटल है और इसके जरिए हर कदम आसानी से हो जाएगा। यह प्रणाली अब तक हुई पारंपरिक कैबिनेट बैठकों में आने वाली विभिन्न कठिनाइयों को दूर कर सकती है। कैबिनेट में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रस्ताव को ऑनलाइन अपलोड करना, चर्चा एवं निर्णय के लिए कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करना, अंतिम निर्णय और उससे संबंधित सभी रिकॉर्ड रखना, ये सभी प्रक्रियाएं आसानी से हो जाएंगी। सुशासन प्राप्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सात सूत्रीय कार्यक्रम की घोषणा

मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने आम नागरिकों के दैनिक जीवन को आसान (ईज ऑफ लिविंग) बनाने के लिए राज्य के सभी अधिकारियों के लिए सात सूत्रीय कार्यक्रम तय किया है। जिसमें विभाग, कार्यालय की वेबसाइट अपडेट की जाए, काम के तरीकों आसान बनाना, सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता, लंबित मामलों का निस्तारण, कारोबारियों को नुकसान न हो, कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को सुविधाएं, परियोजनाओं और योजनाओं का दौरा करना शामिल है।

पेज 3 भी देखें

## 1 अप्रैल से हर गाड़ी पर फास्टैग अनिवार्य

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में 1 अप्रैल से सभी गाड़ियों पर फास्टैग होना अनिवार्य होगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह बड़ा फैसला लिया गया। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद अभी वाहन मालिकों को 1 अप्रैल, 2025 अपनी गाड़ी फास्टैग को लगाना होगा। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के अनुसार 1 दिसंबर, 2017 से नए चार पहिया वाहनों के पंजीकरण के लिए फास्टैग को अनिवार्य किया गया है।




### दोगुने टोल का है प्रावधान

नियमों के मुताबिक अगर आपके पास फास्ट टैग नहीं है तो आपको टोल टैक्स की दोगुनी रकम चुकानी होगी। देश में कुछ टोल बूथों पर यह नियम लागू हो चुका है। इस नियम का अब 1 अप्रैल से सख्ती से पालन किया जाएगा। फास्ट टैग वाहनों की विंडस्क्रीन पर लगाया जाने वाला एक नियम है।

### सरकार ने कड़े किए नियम

राज्य मंत्रिमंडल के फैसले के बाद जहां सभी वाहनों में फास्टैग अनिवार्य होगा तो वहीं दूसरी राज्य में फास्टैग की सेवा देने वाली कंपनियों के डेटाबेस का गहन तरीके से वेरीफिकेशन होगा। इसमें यह पुष्टि की जाएगी कि प्रत्येग फास्टैग का विवरण VAHAN डेटाबेस में दी गई जानकारी से मेल खाता है या फिर नहीं।

# फरवरी तक मुंबई की हवा गुणवत्ता सुधारने का निर्देश

## पर्यावरण मंत्री मुंडे ने की अधिकारियों के साथ बैठक



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राज्य की पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि फरवरी माह तक मुंबई की हवा की गुणवत्ता सुधारी जाए। महानगर में बढ़ते प्रदूषण को लेकर पंकजा ने मंगलवार को मंत्रालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिया कि बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन साईट पर स्प्रिंकलर का इस्तेमाल न करने पर कार्रवाई की जाए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस साल फिलहाल मुंबई के हवा गुणवत्ता अच्छी है पर फरवरी तक इसे और अच्छा करने की जरुरत है। उन्होंने बताया कि मुंबई में फिलहाल हवा में कणों का प्रमाण (पीएम 2.5 और पीएम 10) बढ़ने से प्रदूषण बढ़ा है। हवा में धूल का प्रमाण कम करने के लिए निर्माण कार्य स्थलों व बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन साईट पर स्प्रिंकलर का इस्तेमाल अनिवार्य है। इसका उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस बात की जांच की जाए कि कंस्ट्रक्शन साईट पर नियमों का पालन हो रहा है अथवा नहीं।


### प्रदूषण नियंत्रण के लिए मोबाइल एप

प्रदूषण नियंत्रण में आम लोगों की सहभागिता बढ़ाने के लिए एप तैयार किया जाएगा। इस एप के माध्यम से लोग प्रदूषण से जुड़ी शिकायतें कर सकेंगे। इससे शिकायत मिलने पर संबंधित विभाग कार्रवाई कर सकेंगे। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि मुंबई में बेकरी और रेस्टोरेंट की तंदूर भट्टी से प्रदूषण बढ़ रहा है। इसको रोकने लिए सभी तंदूर भट्टी इलेक्ट्रिक और बेकरी पीएनजी पर चलाए जाए। इसके लिए एक नीति तैयार करने का निर्देश पर्यावरण मंत्री मुंडे ने दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनुदान देने के प्रावधान भी करने पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण दूर करने मासिक समय सारिणी तैयार किया जाए।

## लगातार खराब हो रही मुंबई में हवा की गुणवत्ता

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाने की कवायद के बीच मुंबई महानगरीय क्षेत्र के लिए चिंता बढ़ानेवाली खबर है। तमाम उपायों के बावजूद मुंबई में हवा की गुणवत्ता लगातार खराब हुई है। बीते पांच साल के दौरान हवा में प्रदूषक कण पीएम 2.5 (पार्टिकुलेट मैटर यानी पीएम) का स्तर 2.6 गुना बढ़ा है। पर्यावरण के हित में काम करनेवाली संस्था रेस्पिरर लिविंग साइंसेज की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक गत वर्ष मुंबई में वायु प्रदूषण का स्तर 36.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो 2019 के 35.2 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 2.6 प्रतिशत अधिक है। राहत यह कि मुंबई के वायुमंडल में प्रदूषण स्तर दिल्ली जैसे शहरों (107 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) से कम है।



# महाराष्ट्र में HMPV ने दी दस्तक

## नागपुर में दो बच्चों में संक्रमण की पुष्टि

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नागपुर**

महाराष्ट्र के नागपुर में दो बच्चों में एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र से पहले देश के कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। जानकारी के अनुसार नागपुर में जिन बच्चों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण मिला है। उनकी उम्र 7 और 13 साल है। बच्चों को खांसी और बुखार की शिकायत थी। जिसके बाद उनका टेस्ट किया गया। इसमें दोनों बच्चों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नही करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। महाराष्ट्र के नागपुर में दो बच्चों में एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि होने के बाद देश में कुल केसेस की संख्या बढ़कर 10 हो गई है।




### कोर्ट पहुंचा मामला

एक वकील ने मंगलवार को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ से एचएमपीवी वायरस मामलों का संज्ञान लेने और महाराष्ट्र सरकार को इसके लिए तत्काल उपाय करने का निर्देश देने का आग्रह किया। अपनी याचिका में वकील श्रीरंग भंडारकर ने कहा कि उच्च न्यायालय ने 2020 में सीओवीआईडी -19 महामारी का स्वत: संज्ञान लिया था, और कहा कि अब भी इसी तरह की कार्रवाई की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय 10 जनवरी को याचिका पर सुनवाई कर सकता है।

### एचएमपीवी कोई नई बीमारी नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

मेडिकल शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ और सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबिटकर ने मंगलवार को मंत्रालय में संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया किमानव मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) कोई नई बीमारी नहीं है। आमतौर पर एक हल्की बीमारी है। इससे किसी को डरने की जरूरत नहीं है। इस बीमारी के मद्देनजर सभी जिलों को सावधान और सतर्क रहने का निर्देश दिया है। इसके अलावा लोगों को स्वच्छता के बुनियादी नियमों का पालन करना चाहिए ताकि श्वसन संक्रमण को नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार की दिशा और मार्गदर्शन में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली में बजा चुनावी बिगुल

## सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग, नतीजे 8 फरवरी को

## डेढ़ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए गए

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग होगी। रिजल्ट 8 फरवरी को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) राजीव कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तारीखों की घोषणा के दिन से रिजल्ट तक दिल्ली चुनाव की प्रक्रिया 33 दिन में पूरी हो जाएगी। 2015 और 2020 के मुकाबले इस बार चुनाव और रिजल्ट की घोषणा एक हफ्ते पहले हो रही है। डेढ़ घंटे की प्रेस कॉन्फ्रेंस में CEC राजीव कुमार सिर्फ 10 मिनट दिल्ली चुनाव पर बोले। एक घंटे से ज्यादा वक्त तक उन्होंने EVM, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और खास वर्ग के वोटर्स का नाम हटाने जैसे विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना गलत ट्रेंड है। इससे युवा वोटर्स पर असर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट भी EVM पर सवाल उठाने वालों को खारिज कर चुका है।




### दिल्ली विधानसभा चुनाव

सीट : 70 | बहुमत : 36

| नामांकन | नाम वापसी | वोटिंग | रिजल्ट |
|---|---|---|---|
| 10 से 17 जनवरी | 20 जनवरी | 5 फरवरी | 8 फरवरी |

वोटर 1.55 करोड़ | महिला 71 लाख | पुरुष 83.49 लाख

## महेश राउत को अंतिरम जमानत



### एल्गार परिषद-माओवादी से संबंध मामले में है आरोपी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई में विशेष, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने मंगलवार को एल्गार परिषद-माओवादी से संबंध मामले के एक आरोपी महेश राउत को कानूनी शिक्षा के लिए डिग्री परीक्षा में शामिल होने के लिए 18 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी। सात साल पुराने मामले में कथित भूमिका के लिए 2018 में गिरफ्तार राउत वर्तमान में नवी मुंबई के तलोजा जेल में बंद है।

## आठ अधिकारियों के हुए तबादले

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**




राज्य सरकार ने मंगलवार को आठ अधिकारियों के दबादले कर दिए हैं। अब तक मत्यपालन विभाग में आयुक्त पद पर तैनात अतुल पाटणे का तबादला अब इसी पद पर पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामला विभाग में कर दिया गया है। अब तक लेखा व राजकोष विभाग में प्रमुख सचिव रहीं रिचा बागला को वित्त विभाग में इसी पद पर भेजा गया है। अंशु सिन्हा को प्रमुख सचिव (कपड़ा), को-आपरेशन, मार्केटिंग व कपड़ा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एन नवीन सोना को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का प्रमुख सचिव बनाया गया है। वे अब तक सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग में इसी पद पर तैनात थे। डॉ रामास्वामी एन को कृषि व पशुपालन विभाग का सचिव बनाया गया है वे अब तक लेखा व राजकोष विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वीरेंद्र सिंह सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग में सचिव के पद पर तैनात किया गया है वे अब तक सचिव (कपड़ा), को-आपरेशन, मार्केटिंग व कपड़ा विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। प्रदीप पी को महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया गया है जबकि अब तक यह जिम्मेदारी संभाल रहे माणिक गुरसल को नासिक महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का महानगर आयुक्त बनाया गया है।

## अजित पवार का भरोसा अभी मुंडे पर कायम

# धनंजय मुंडे ने इस्तीफा देने से किया इंकार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में बीड जिले में सरंपच संतोष देशमुख की हत्या के बाद जहां राज्य की राजनीति गरमाई हुई है तो वहीं दूसरी तरफ कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे ने साफ किया है कि इस्तीफा नहीं देंगे। मुंबई मे महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल होने पहुंचे मुंडे से जब इस्तीफा देने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इस्तीफा देने से इंकार कर दिया। मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में धनंजय मुंडे घिरे हुए हैं। आरोप है कि मुंडे के करीबी बाल्मीकि कराड ने देशमुख की हत्या करवाई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख और डिप्टी सीएम अजित पवार से मुंडे की मुलाकात के बाद इस्तीफे की अटकलें शुरू हुई थीं।



### पवार-फडणवीस से मिले थे मुंडे

अजित पवार के विदेश से लौटने के बाद धनंजय मुंडे उनसे मिलने गए थे। दोनों के बीच में 45 मिनट की बातचीत हुए थी। मुंडे ने कहा कि विभाग की समीक्षा को लेकर वे अजित पवार से मिले थे। बीड की घटना को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने आगे कहा कि वे अजित पवार को नई साल की शुभकामनाएं देने आए थे, लेकिन राजनीतिक हलकों में ऐसा माना गया था कि बीड के घटनाक्रम ने जिसे तरह से तूल पकड़ा है। उसके बाद जरूर दोनों नेताओ के बीच बात हुई होगी। इस्तीफे के सवाल पर उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन हो चुका है। जांच के बाद जो बात बाहर निकलेगी, उसके बाद तय करेंगे। इससे पहले मुंडे सोमवार को सीएम फडणवीस से भी मिले थे।

### क्या बोले धनंजय मुंडे?

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे ने अपने इस्तीफे की खबरों को खारिज कर दिया है। धनंजय मुंडे ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए साफ कहा कि 'कोई इस्तीफा नहीं दिया गया है।' इस मौके पर धनंजय मुंडे की बॉडी लैंग्वेज आत्मविश्वास से भरी थी, हालांकि वाल्मीक कराड संतोष देशमुख मामले में फंसे हैं, लेकिन धनंजय मुंडे पर कोई सीधा आरोप नहीं है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि एनसीपी प्रमुख और डिप्टी सीएम अजित पवार ने यह रुख अपनाया है कि एसआईटी और सीआईडी की जांच के नतीजे आने तक धनंजय मुंडे के मंत्री पद से इस्तीफे को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। सोमवार को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात की थी। इसमें इस्तीफा नहीं देने पर बर्खास्त करने की मांग थी।

## एनडीपीएस कोर्ट ने तीन आरोपियों को किया बरी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



मुंबई के एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस) कोर्ट ने मई 2011 में 1.4 किलोग्राम गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को बरी कर दिया। यह फैसला अभियोजन पक्ष द्वारा मादक पदार्थ होने की पुष्टि करने वाली फोरेंसिक रिपोर्ट पेश करने में विफल रहने के कारण लिया गया।

### कोर्ट का फैसला



बांद्रा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक जाल बिछाकर इन तीनों को गिरफ्तार किया था। पुलिस का आरोप था कि आरोपियों के पास से गांजा बरामद हुआ था, लेकिन बचाव पक्ष ने इस पूरे मामले में कई सवाल उठाए। उन्होंने दलील दी कि आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं थे और पुलिस की गवाही में भी विसंगतियां पाई गईं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में प्रक्रियात्मक दस्तावेजों में खामियां थीं और महत्वपूर्ण सबूतों की अनुपस्थिति को भी उजागर किया गया, जिसके कारण अभियुक्तों को बरी कर दिया गया।

# व्यापारी को लूटने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े, 12 घंटे में गिरफ्तारी

## विट्ठलवाड़ी पुलिस और क्राइम ब्रांच की सराहनीय कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

विट्ठलवाड़ी पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मिलकर 12 घंटे के भीतर दो लुटेरों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने 6 जनवरी की रात को एक व्यापारी से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों तक पहुँच बनाई और उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।



### लूट की घटना

6 जनवरी को शरद गुलाब सिंह नामक व्यापारी रात के ढाई बजे अपने घर लौटे थे। जैसे ही उन्होंने घर का गेट खोला, दो लुटेरे हाथ में चाकू लेकर आए और व्यापारी के हाथ से बैग छीनकर फरार हो गए। शरद सिंह ने घटना की रिपोर्ट विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई।

### आरोपियों की गिरफ्तारी और बरामदगी

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी अक्षय भीमराव चलवादी (23) और अरबाज अब्दुल सलाम शेख उर्फ पापा (23) को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूट के 45,600 रुपये भी बरामद किए गए। दोनों आरोपी अंबरनाथ के निवासी हैं। पुलिस अब आगे की जांच कर रही है।

### सीसीटीवी और मुखबिर से मिली जानकारी

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि अंबरनाथ पश्चिम के म्हाडा कॉलोनी में लूट के दोनों आरोपी देखे गए हैं।

# कोचिंग संस्थान ने जेईई की तैयारी कर रहे छात्रों से 3 करोड़ रुपये ठगे

### 8 अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे शहर में एक कोचिंग संस्थान ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहे छात्रों से 3 करोड़ रुपये से अधिक ठग लिए। पुलिस ने इस मामले में कोचिंग संस्थान के आठ अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। यह मामला ठाणे कोतवाली पुलिस स्टेशन में सोमवार को दर्ज हुआ।



### शिकायत और धमकियां

पीड़ित छात्रों ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने फीस की रकम वापस मांगी तो संस्थान के अधिकारियों ने उन्हें धमकियां दीं। अब तक लगभग 80 छात्रों की पहचान की गई है, हालांकि पुलिस का मानना है कि वास्तविक पीड़ितों की संख्या इससे अधिक हो सकती है।

### क्या हुआ?


*पुलिस के अनुसार, संस्थान ने जनवरी 2024 से जेईई छात्रों से कुल 3 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि एकत्र की और इसके बाद अचानक अपने ऑफिस और कक्षाएं बंद कर दीं। संस्थान ने जो फीस एकत्र की थी, उसका दुरुपयोग किया और छात्रों को धोखा दिया। इस घटना में संस्थान की देशभर में स्थित शाखाएं शामिल हैं।*

### कानूनी कार्रवाई

पुलिस ने संस्थान के ठाणे, मुंबई और दिल्ली शाखाओं के अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक धोखाधड़ी (धारा 318(4)), आपराधिक विश्वासघात (धारा 316(2)), और आपराधिक धमकी (धारा 351(2)) सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही अन्य पीड़ितों से भी संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पालतू कुत्ते के भौंकने से नाराज पड़ोसी महिलाओं ने परिवार पर किया हमला



**कल्याण।** कल्याण इलाके में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पालतू कुत्ते के भौंकने से नाराज पड़ोसी महिलाओं ने एक व्यक्ति और उसके परिवार पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति समेत उसके परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। यह घटना अम्बिविली क्षेत्र की है, और पुलिस ने इस मामले में 10 महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित एक सब्जी विक्रेता है और आरोपी उसकी पड़ोसी महिलाएं हैं। खड़कपाड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि इस परिवार और आरोपी महिलाओं के बीच पहले भी कुछ मुद्दों को लेकर विवाद हुआ था।

### ईडी ने जब्त की दाऊद इब्राहिम के करीबी रहे इकबाल मिर्ची की प्रॉपर्टी



**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी रहे इकबाल मिर्ची के परिवार को बड़ा झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मनी लॉन्ड्रिंग (PMLA) से जुड़े मामले में इकबाल मिर्ची (मृत) की करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी जब्त कर ली है। जो संपत्ति जब्त की गई हैं, उसमें मुंबई के पट्ठे बापूराव मार्ग दिल्ली दरबार होटल के सामने का प्लॉट नंबर 998 शामिल है। यह प्रॉपर्टी मुंबई के खेतवाड़ी गिरगांव में स्थित है। ईडी ने जो प्रॉपर्टी कब्जे में ली हैं, उनकी कीमत करोड़ों में है। बताया जा रहा है कि संपत्ति को तीसरे पक्ष को ट्रांसफर करने की कोशिश की गई थी, ताकि ED के एक्शन से बचा जा सके। बता दें कि इकबाल मिर्ची और दूसरे आरोपियों के खिलाफ IPC, आर्म्स एक्ट, NDPS एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। इसके आधार पर ही पीएमएलए के तहत जांच शुरू की गई थी। दरअसल, अस्सी और नब्बे के दशक में इकबाल मिर्ची दाउद इब्राहिम के साथ देश में ड्रग्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य सामानों की तस्करी करने वाले शीर्ष तस्करों में से एक था। उसने तस्करी से जुड़ी गतिविधियों के कारण काफी संपत्ति अर्जित की थी। वह अपने प्रतिद्वंद्वियों और कुछ अन्य व्यापारियों की हत्याओं में भी शामिल था।

ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट–5 की बड़ी कार्रवाई

# विशाल लॉज से एमडी तस्कर की गिरफ्तारी

### 11.22 लाख का मेफेड्रॉन बरामद

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे की वागले स्टेट क्राइम ब्रांच यूनिट 5 ने भिवंडी में एक बड़े तस्कर को गिरफ्तार कर 11.22 लाख रुपये की मेफेड्रॉन (एमडी) बरामद की। यह कार्रवाई भिवंडी न्यायालय के पास स्थित विशाल लॉज में की गई, जहां तस्कर नवीद अहमद शकील अहमद मलिक उर्फ सोनू (31) आराम कर रहा था।



### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस को गुप्त जानकारी मिलने के बाद, सोमवार शाम को क्राइम ब्रांच ने विशाल लॉज के कमरे नंबर 208 में छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 110 ग्राम मेफेड्रॉन बरामद किया गया, जिसकी कीमत 11,22,200 रुपये बताई जा रही है। इस मामले को निजामपुरा पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।

### गुजरात एटीएस की पहले की कार्रवाई

इससे पहले, पांच महीने पूर्व गुजरात एटीएस ने भिवंडी के नदी नाका इलाके में 800 करोड़ रुपये की मेफेड्रॉन बरामद की थी, जिससे भिवंडी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे थे।

### आरोपी का खुलासा और अन्य तस्कर की तलाश

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने रवीश मोमिन से इस बड़ी मात्रा में मेफेड्रॉन खरीदने की बात स्वीकार की है, जिसे वह बेचने के लिए लाया था। हालांकि, रवीश मोमिन अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस उपनिरीक्षक तुषार माने मामले की जांच कर रहे हैं।

# बारामती में प्याज और दूध की कीमतों पर विरोध प्रदर्शन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/बारामती**

बारामती में आज प्याज और दूध की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर एनसीपी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन की अगुवाई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले ने की। प्रदर्शन में युवा नेता योगेंद्र पवार और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व प्याज उत्पादक किसान शामिल हुए। इस मौके पर सुप्रिया सुले ने सरकार से किसानों के हित में तत्काल कदम उठाने की मांग की। सुप्रिया सुले ने कहा कि राज्य में दूध उत्पादक किसानों को उनके उत्पादन की लागत भी नहीं मिल रही है, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव के समय किसानों से बड़े-बड़े वादे किए थे,



### सुप्रिया सुले ने उठाई किसानों की आवाज

लेकिन आज वे वादे अधूरे हैं। किसानों की मांग है कि दूध का न्यूनतम मूल्य 40 रुपये प्रति लीटर तय किया जाए। इसके अलावा, कई किसानों को पिछले अक्टूबर में घोषित पांच रुपये की सब्सिडी भी अब तक नहीं मिली है। सुप्रिया सुले ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को किसानों की समस्याओं पर तत्काल निर्णय लेना चाहिए।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्भीक पत्रकारिता जरूरी: सांसद सुरेश म्हात्रे

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी में महानगर पत्रकार संघ और श्री साई सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में अजय नगर शिवसेना भवन में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने पत्रकारिता की महत्ता और लोकतंत्र की मजबूती में इसके योगदान पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण अंग हैं और लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारों को निर्भीक होकर अपनी पत्रकारिता करनी चाहिए। पत्रकारों को सरकार और शासन की कमियों को निडरता से उजागर करना चाहिए।

### समारोह में प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति



इस समारोह में कई जेष्ठ पत्रकारों और समाजिक व्यक्तित्वों ने भाग लिया। जेष्ठ पत्रकार तुलसीदास भोईटे, संजय पितले, संजय भोईर, नितिन पाटिल, जितेंद्र तिवारी, भगवान चंदे, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गट के भिवंडी लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तारे, पूर्व जिप सदस्य कुंदन पाटील, श्री साई सेवा संस्था की अध्यक्ष डॉ. स्वाती सिंह, और उपजिला रुग्णालय की वैद्यकीय अधिक्षिका डॉ. माधवी पंदारे सहित अन्य गणमान्य लोग समारोह में उपस्थित थे।

# यातायात सुधार योजनाओं की आयुक्त ने की समीक्षा

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

मनपा क्षेत्र में यातायात की स्थिति को सुधारने के लिए एमएमआरडीए के माध्यम से विभिन्न सड़कों का विकास कार्य चल रहा है। इस प्रयास में भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण मंजूरी, और पेड़ों से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इस संबंध में स्पष्ट किया कि इन समस्याओं का तत्काल निवारण किया जाएगा और पूरी तरह से सहयोग प्रदान किया जाएगा।



### मुख्य सड़कों के विकास कार्य पर निर्णय

बैठक में कई महत्वपूर्ण सड़कों के विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इनमें घोड़बंदर रोड, आनंद नगर से साकेत उन्नत रोड, बालकुम से गायमुख कोस्टल रोड, गायमुख से पेयेगांव खाड़ी ब्रिज, कासारवडवली से खारबाव खाड़ी ब्रिज, कोलशेत से काल्हेर खाड़ी ब्रिज, और ठाणे–बोरीवली सबवे के एकीकरण जैसे प्रमुख विकास कार्य शामिल थे।

### भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण मंजूरी और जल-सीवरेज पर ध्यान

बैठक में भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण मंजूरी, वृक्षारोपण, जल और सीवरेज के स्थानांतरण पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इन पहलुओं पर विचार करके परियोजनाओं के समयबद्ध और सुचारु क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जाएगा।

### बैठक में विभिन्न योजनाओं पर चर्चा

मंगलवार को सौरभ राव की अध्यक्षता में एमएमआरडीए के माध्यम से ठाणे मनपा क्षेत्र और आसपास के इलाकों में चल रही यातायात सुधार परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एमएमआरडीए के अतिरिक्त महानगर आयुक्त अश्विन मुदगल, मनपा के अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, सहायक संग्राम कांडे, और पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट ने भी भाग लिया।

# रेलवे स्टेशन पर अवैध पार्किंग पर मनपा और यातायात विभाग की कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**



उल्हासनगर रेलवे स्टेशन (प) के अनाधिकृत पार्किंग स्थल पर मनपा आयुक्त विकाश ढकने के आदेश पर मंगलवार को 200 दोपहिया वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के तहत सभी दोपहिया वाहनों से 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया और वाहनों को जब्त कर लिया गया।

### पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने की पहल

यह कार्रवाई स्टेशन के आस-पास अवैध रूप से खड़े वाहनों को रोकने और पार्किंग के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। इस दौरान उपयुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम मौजूद थी, जिसमें अजय साबले (उपायुक्त संपत्ति कर विभाग), विजय पोवार (सहायक पुलिस आयुक्त), सुखदेव पाटिल (वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक यातायात शाखा), श्रीमती सलोनी निवकर (सहायक आयुक्त प्रभाग–3), श्रीमती मधुरा केनी (मालमत्ता व्यवस्थापक) सहित मनपा और यातायात विभाग के अन्य कर्मचारी शामिल थे। यह कार्रवाई नगर निगम की पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने और यातायात की सुगमता सुनिश्चित करने के प्रयास के तहत की गई है।

# दहेज उत्पीड़न मामले में 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी में एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। महिला के अनुसार, 5 साल पहले शांतिनगर के संजय नगर निवासी 27 वर्षीय महिला की शादी मो. आसिफ उमर शेख से हुई थी। शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज में 2 लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे, और मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।



### मारपीट और धमकी

महिला ने बताया कि उसकी ससुराल वालों ने उसे मार-पीट की और उसे जान से मारने की धमकियाँ दीं। लगातार उत्पीड़न से तंग आकर महिला ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने महिला के पति, सास, ननंद सहित कुल 10 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 115(2), 352, 351(2), 3(5) और महिला विवाह सुरक्षा अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक सचिन कूचेकर कर रहे हैं।

# 'एचएमपीवी से घबराए नहीं सावधानी बरतें'

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

चीन में एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस) फैलने की खबरों के बीच, भारत में भी इसके कुछ मरीज सामने आए हैं। हालांकि, ठाणे नगर निगम ने नागरिकों से घबराने की बजाय सावधानी बरतने की अपील की है। नगर निगम ने इसे एक सामान्य श्वसन वायरस बताया जो ऊपरी श्वसन पथ में संक्रमण का कारण बनता है, और यह सामान्य सर्दी की तरह महसूस हो सकता है। यह वायरस मौसमी बीमारी के रूप में सर्दियों और गर्मियों की शुरुआत में फैलता है, जैसा कि आमतौर पर फ्लू होता है।

### ठाणे मनपा का आव्हान




### स्वास्थ्य विभाग ने दी दिशा-निर्देश

ठाणे नगर आयुक्त सौरभ राव ने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने इस वायरस के फैलने को लेकर राज्य में श्वसन संक्रमण के आंकड़ों का विश्लेषण किया है और पाया है कि दिसंबर 2024 में इस विकार के रोगियों की संख्या में 2023 के मुकाबले कोई वृद्धि नहीं हुई है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सावधानियों का पालन करने की अपील की है, जैसे कि खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को रुमाल या टिशू पेपर से ढकने, हाथों को साबुन या सेनेटाइजर से धोने और बुखार और खांसी के लक्षणों में सार्वजनिक स्थानों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है।

### आइसोलेशन वार्ड की तैयारी

इस बीच, ठाणे नगर निगम ने एहतियात के तौर पर छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा में 15 बिस्तरों वाला एक आइसोलेशन वार्ड तैयार किया है। नगर निगम ने नागरिकों से पानी अधिक पीने, टिशू पेपर और नेपकिन को रिसायकल करने जैसी सावधानियां बरतने की भी अपील की है।

# 7 दिनों तक नलों में पानी का प्रेशर रहेगा कम

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी मनपा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) की जलवाहिनी में खराबी के कारण भिवंडी मनपा ने ऐलान किया है कि अगले 5 से 7 दिनों तक नलों में पानी का प्रेशर कम रहेगा।

### मनपा ने जलवाहिनी में खराबी होने के कारण पानी का कम इस्तेमाल करने की की अपील



### जलवाहिनी की मरम्मत कार्य जारी

भिवंडी मनपा ने बताया कि जलवाहिनी में आई खराबी को ठीक करने का कार्य जारी है। इसे पूरी तरह से ठीक करने में 5 से 7 दिन लग सकते हैं। मनपा के जलापूर्ति विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी का कम उपयोग करें और इसे संभालकर इस्तेमाल करें। विभाग ने कहा कि जनता का सहयोग इस कठिन समय में बेहद जरूरी है।

### 'समझदारी से पानी का उपयोग करें'

मनपा ने नागरिकों को सुझाव दिया है कि पानी का इस्तेमाल केवल आवश्यक कार्यों के लिए करें। बर्तन धोने, कपड़े धोने और सफाई जैसे कार्यों में पानी की बचत करें। पानी का संग्रह कर भविष्य में उपयोग के लिए सुरक्षित रखें।

# सेप्टिक टैंक साफ कर रहे एक मजदूर की मौत

**डीबीडी संवाददाता | भायंदर**

भायंदर ईस्ट के नक्षत्र टावर में सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे दो मजदूरों में से एक की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि दूसरा बेहोश हो गया। यह घटना मंगलवार को हुई। बेहोश मजदूर को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है, जबकि मृतक मजदूर की पहचान महिंद्रा कमलाकर पोंडकर (47) के रूप में हुई है।




### क्या है पूरा मामला

नवघर पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर धीरज कोली के अनुसार, भायंदर पूर्व के नक्षत्र सोसायटी के सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए दो मजदूरों को बुलाया गया था। इनमें से महिंद्रा कमलाकर पोंडकर टैंक में उतरे और कुछ समय बाद वह बेहोश हो गए। उनके साथी मजदूर गणेश उत्तम आवटे ने पोंडकर को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह भी बेहोश हो गए।

### पुलिस और अस्पताल की कार्रवाई

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों मजदूरों को नजदीकी अस्पताल में भेजा। डॉक्टरों ने पोंडकर को मृत घोषित कर दिया, जबकि आवटे का इलाज जारी है। इस घटना से संबंधित पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। यह घटना सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान उचित सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन न होने के कारण हुई प्रतीत होती है, जिसे लेकर पुलिस आगे की जांच करेगी।

# सोसायटी की मीटिंग में उठाए सवाल तो कर दी महिला की पिटाई

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई के रबाले क्षेत्र में स्थित एक हाउसिंग सोसायटी में रविवार को एक 44 वर्षीय महिला को कथित तौर पर पांच लोगों ने बैठक के दौरान पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को इस घटना की जानकारी दी। महिला ने बैठक के दौरान कुछ सवाल उठाए थे, जो आरोपियों को पसंद नहीं आए, जिसके बाद उन्होंने महिला के साथ गाली-गलौज की और उसे जमीन पर धकेलकर कई मुक्के मारे।

### पुलिस ने की कार्रवाई



पुलिस अधिकारी के अनुसार, महिला को गंभीर चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें धारा 79 (किसी महिला की गरिमा का अपमान करने के इरादे से शब्द, इशारा या कृत्य), 115 (2) (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), 189(2) (गैरकानूनी जमावड़ा) सहित अन्य प्रासंगिक धाराएं शामिल हैं।

# मुंबई को मिलेगी केबल कार

## नितिन गडकरी ने परियोजना को दी सैद्धांतिक मंजूरी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में केबल कार परियोजना के क्रियान्वयन को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। रिपोर्ट के अनुसार, इस संबंध में नई दिल्ली में हुई एक बैठक में राज्य के अधिकारियों को इस निर्णय से अवगत कराया गया, जिसमें राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक भी शामिल थे।



### परियोजना के उद्देश्य और महत्व

सरनाईक ने बताया कि गडकरी ने इस परियोजना का उद्देश्य एमएमआर में बढ़ते शहरीकरण और परिवहन चुनौतियों का समाधान करना बताया। यह परियोजना खासकर उपनगरों और मुंबई हवाई अड्डे के बीच यात्रा के समय को कम करने के लिए एक एकीकृत परिवहन प्रणाली का हिस्सा होगी। गडकरी ने इस परियोजना के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल या केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त वित्तीय सहयोग का सुझाव दिया।

### सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

सरनाईक ने कहा कि गडकरी ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव को परियोजना का सर्वेक्षण शुरू करने और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का निर्देश दिया। इस रिपोर्ट के आधार पर परियोजना की तकनीकी और वित्तीय व्यवहार्यता का आकलन किया जाएगा। इसके बाद परियोजना को आगे की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

### केबल कार के लाभ

केबल कार प्रणाली से यातायात की भीड़भाड़ कम होने, उत्सर्जन घटने और यात्रियों के लिए एक विश्वसनीय विकल्प उपलब्ध होने की उम्मीद है। यह परियोजना एमएमआर में परिवहन प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाने का वादा करती है, जिससे यातायात की भीड़, प्रदूषण और बुनियादी ढांचे की कमी जैसी चुनौतियों का समाधान किया जा सकेगा। गडकरी की सैद्धांतिक मंजूरी के साथ यह परियोजना अब वास्तविकता बनने के करीब है, जिससे मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में शहरी गतिशीलता पर महत्वपूर्ण और सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

# व्यापारी पर फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## तीन अभी भी फरार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

दक्षिण मुंबई के कालबादेवी इलाके में सोमवार देर रात व्यापारी पर फायरिंग कर 50 लाख रुपये का सामान लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं और उनकी तलाश में पुलिस की गहन छानबीन जारी है।



### पूरा मामला

पुलिस के अनुसार, सोमवार रात व्यापारी पर गोली चलाने के बाद बदमाशों ने उनका बैग छीन लिया, जिसमें करीब 50 लाख रुपये मूल्य का सामान था। घायल व्यापारी का सैफी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज किया। घटना स्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों की पहचान की गई। अब तक दो बदमाश गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि तीन अभी भी फरार हैं।

### साजिश का खुलासा

पुलिस उपायुक्त प्रवीण मुंडे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में व्यापारी के यहां काम करने वाले कर्मचारियों की मिलीभगत का शक है। पुलिस व्यापारी के कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटे गए सामान का बड़ा हिस्सा बरामद कर लिया गया है। फरार बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# सीएम का सात सूत्रीय कार्य कार्यक्रम



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने राज्य के सभी अधिकारियों के लिए सात सूत्रीय कार्य कार्यक्रम तय किया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने यह दिशा-निर्देश वीडियो संचार प्रणाली के माध्यम से सभी संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों, नगर निगम आयुक्तों, पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक में दिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और सभी मंत्री उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री फड़णवीस ने कहा कि राज्य प्रशासन को अगले सौ दिनों में प्राथमिकता वाले कार्यों पर ध्यान देना चाहिए। इन कार्यों की समीक्षा 15 अप्रैल 2025 को की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि उनके कार्यालय की वेबसाइट बनाई जाए, जहां सूचना के अधिकार कानून के तहत मांगी गई जानकारी पहले से उपलब्ध कराई जाए।

### सार्वजनिक सेवाओं में सुधार

मुख्यमंत्री ने सरकारी कार्यालयों की सफाई और अनावश्यक दस्तावेजों के निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के लिए पेयजल, शौचालय और स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनके अनुसार, अधिकारियों के दौरे के समय यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कार्यालय साफ और व्यवस्थित दिखे।


# रेलवे स्टेशन पर आया 'चोटी कटवा'

## लड़की के बाल काटकर हो गया फरार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के दादर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां कॉलेज जा रही एक लड़की के सिरफिरे ने बाल काट लिए। बाल काटने की घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, आरोपी पीड़िता के बाल काट कर मौके से फरार हो गया। वहीं युवती ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक, एक सिरफिरे ने कॉलेज जा रही युवती के बाल काट लिए। जिसके बाद उसने आरोपी का पीछा किया लेकिन आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर भाग गया। इस मामले में युवती की शिकायत के बाद मुंबई सेंट्रल लोहमार्ग पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपी की तलाश कर रही है। शिकायत करने वाली लड़की ने मांग की है कि ऐसे सिरफिरों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए ताकि दूसरी लड़कियों को परेशानी न हो।





### लड़की के चुपके से काट लिए बाल

शिकायतकर्ता लड़की कल्याण की रहने वाली है और माटुंगा के रूपारेल कॉलेज में पढ़ती है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे उसने कॉलेज जाने के लिए कल्याण से ट्रेन पकड़ी थी। वह करीब 9 बजकर 15 मिनट पर दादर स्टेशन पर उतरीं। जब वह दादर ब्रिज पर टिकट बुकिंग विंडो पर पहुंची तो अचानक उसे अपनी पीठ पर कुछ चुभने जैसा महसूस हुआ।

### बैग में बाल रखकर भागा

वह अचानक पीछे मुड़ी और देखा कि एक अजनबी बैग लेकर तेजी से चला आ रहा है। उसने नीचे देखा तो कुछ बाल गिरे हुए थे। जैसे ही उसने अपने बालों में हाथ घुमाया, उसने पाया कि उसके बाल आधे कटे हुए थे। इससे वह डर गई, लेकिन किसी तरह उसने हिम्मत जुटाई और आरोपी का पीछा करना शुरू कर दिया। लेकिन, भीड़ का फायदा उठाकर सिरफिरा तुरंत वहां से भाग गया और गायब हो गया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

इसके बाद लड़की मुंबई सेंट्रल लोहमार्ग पुलिस स्टेशन पहुंची और पूरी घटना बताते हुए शिकायत दर्ज कराई। मंगलवार को पुलिस ने कहा कि इसे गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपी व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

# इमारत में आग लगने से बुजुर्ग की मौत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

अंधेरी स्थित एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में आग लगने के बाद दम घुटने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना ओबेरॉय कॉम्प्लेक्स में 13 मंजिला स्काई पैन बिल्डिंग में हुई। सोमवार रात करीब 10 बजे इमारत की 11वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में आग लग गई। आग लगने के चार घंटे बाद, मंगलवार रात 1.49 बजे अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया।

### मौत का कारण दम घुटना



आग के बाद फैलते धुएं के कारण दो लोगों को दम घुटने की समस्या होने लगी और उन्हें पास के कोकिलाबेन अस्पताल ले जाया गया। इनमें से 75 वर्षीय राहुल मिश्रा को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि 38 वर्षीय रौनक मिश्रा का इलाज चल रहा है।

### आग के कारण की हो रही है जांच

अधिकारियों के अनुसार, आग फ्लैट के भीतर बिजली के तारों, उपकरणों और घरेलू सामानों तक ही सीमित थी। प्रथम दृष्टया अग्निशमन विभाग को संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी, हालांकि वास्तविक कारण की जांच जारी है।

**मध्य रेल**

**रोड़ ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य**

**ई-निविदा (खुली निविदा) सूचना क्र. सी.ए.ओ.सी-21-2024-आर.ई.वी. दिनांक: 31.12.2024**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) मध्य रेल, छठवां माला, नया प्रशासनिक भवन, डी.एन.रोड, सीएसएमटी, मुंबई-400001, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली में) के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in (ई-टेन्डर पोर्टल) पर आमंत्रित करते हैं:- **कार्य का नाम:** मध्य रेलवे के मलकापुर तक विस्तार सहित पचोरा-जामनेर के बीच नैरो गेज के स्थान पर नई बी.जी. लाईन के संबंध में 8 (आठ) रोड ओवर ब्रिज (पचोरा से जामनेर के बीच) का निर्माण (दो पैकेट प्रणाली में)। **निविदा की लागत:** रु. 159,03,43,095.71 **बयाना जमा राशि:** रु. 81,01,700.00 **निविदा फार्म की लागत:** लागू नहीं (जीसीसी अप्रैल 2022 पृष्ठ 4 पर खंड संख्या 3 के अनुसार) **ऑफर की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन **पूर्णावधि:** मानसून अवधि सहित 24 (चौबीस) महीने **निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता:** उपरोक्त कार्य के निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। **निविदा प्रस्तुत करने और खोलने की तिथि व समय:** संपूर्णतः विधिवत् भरी गयी ई-निविदाएं आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर 30.01.2025 को 11.00 बजे तक इलेक्ट्रॉनिकली अपलोड की जानी चाहिए। ये निविदाएं (केवल तकनीकि बिड) इसी दिन 11.00 बजे के बाद खोली जाएंगी। **संयुक्त जोखिम करार फर्म:** संयुक्त जोखिम करार फर्म को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति हैं। **निविदाकारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना: 1.** निविदा संबंधी सभी कार्य संपूर्णताः केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही किया जाएगा। निविदा प्रस्तुत करने वाले सभी निविदाकारों को पहले आईआरईपीएस की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर रजिस्टर करना होगा। **2.** भावी निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि अपना ऑफर इलेक्ट्रॉनिकली सबमिट करने से पहले, वे निविदा से जुड़ी नियम व शर्तें, पात्रता मापदंड आदि विवरण ध्यानपूर्वक पढ़ लें। **3.** निविदा दस्तावेज तथा समय-समय पर जारी होने वाले शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। यदि इस निविदा में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो निविदा खुलने की तारीख से कम-से-कम 15 दिन पहले इस बारे में वेबसाइट पर जानकारी दी जाएगी। किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए/उपरोक्त पते पर अथवा उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/भुसावल-I, मध्य रेलवे, रेलवे स्टेशन के निकट, भुसावल-425201, मो. - 7219611250 पर किसी भी कार्य दिवस को 10.00 बजे से 17.30 बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है। **टिप्पणी:-** यदि ई-निविदा सूचना के अंतर्गत किसी भी प्रकार के शब्द, नियम और शर्तों आदि में हिंदी और अंग्रेजी संस्करण में को भिन्नता पाई जाती है, तो उस स्थिति में, ई-निविदा सूचना का अंग्रेजी संस्करण अंतिम माना जाएगा एवं लागू होगा। 658

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

# पूरा हुआ NH-48 को पार करने वाला 210 मीटर लंबा पुल

## बुलेट ट्रेन परियोजना

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 48 को पार करने वाला 210 मीटर लंबा पुल पूरा हो गया है। राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएसआरसीएल) ने मंगलवार को इस परियोजना के पूर्ण होने की जानकारी दी। यह पुल गुजरात के वलसाड जिले के पंचलाई के पास वाघलधारा गांव में स्थित है और इसे 2 जनवरी, 2025 को पूरा किया गया।



### पुल की विशेषताएँ और निर्माण विधि

इस 210 मीटर लंबे पुल को प्रीकास्ट स्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) तकनीक से बनाया गया है। पुल में कुल 72 प्रीकास्ट सेगमेंट्स हैं और यह 40 मीटर + 65 मीटर + 65 मीटर + 40 मीटर के विन्यास में फैला है। इसे बैलेंस्ड कैंटिलीवर विधि का उपयोग करके बनाया गया है, जो बड़े स्पैन के लिए उपयुक्त है। इस परियोजना में क्रमशः 260 मीटर और 210 मीटर लंबे अन्य पुल भी शामिल हैं।

### सुरक्षा और यातायात प्रबंधन

वाघलधारा के पास बने इस पुल का स्थान वापी और बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच है। चूंकि राष्ट्रीय राजमार्ग-48 भारत के सबसे व्यस्त राजमार्गों में से एक है, इसलिए निर्माण के दौरान वाहनों और श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई। यातायात में कोई बाधा न हो, इसके लिए चरणबद्ध यातायात डायवर्जन योजना को लागू किया गया और इसकी निगरानी भी लगातार की गई। इसके अलावा, निर्माण के दौरान वाहनों को निलंबित भार के नीचे या एक मीटर की छाया सीमा में से गुजरने से रोकने के लिए राजमार्ग के दोनों ओर अतिरिक्त लेन बनाई गई थीं। इस प्रकार, परियोजना के निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों की असुविधा को न्यूनतम किया गया और निर्बाध यातायात प्रवाह सुनिश्चित किया गया।

**मध्य रेल**

**भुसावल मंडल**

**निविदा सूचना सं. भुसावल_ईलेक्ट_टीआरडी_01_2025 दिनांक 06.01.2025**

भारत के महामाहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीजनल बिजली इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, भुसावल द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु डीजीटेली हस्ताक्षरित ऑनलाईन ओपन ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **टेंडर नोटिस नं. :** भुसावल_इलेक्ट_टीआरडी-01-2025 दिनांक 06.01.2025 **कार्य का नाम :** खंडवा-मांडवा सेक्शन में ट्रामवे टाईप ओएचई को कनवेंशनल टाईप ओएचई में परिवर्तित करना और ओएचई फाउंडेशन की मरम्मत के काम के साथ-साथ लूप लाइन को आयसोलेट करना। **कार्य की लागत :** रु. 1,62,77,975.50 **बयाना राशी :** रु. 2,31,400.00 **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख, समय :** 10.02.2025 up to 15:00 hrs. **अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट का पता :** www.ireps.gov.in

**सीनियर डिवीजनल बिजली इंजीनियर (क.वि)**
**मध्य रेल, भुसावल**

Apex-002

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

# चोरी की कोशिश हुई फेल तो महिला को किस कर भागा

## 'ठरकी चोर'



**मुंबई।** मुंबई के मलाड इलाके में एक अजीबोगरीब चोरी की वारदात हुई। 3 जनवरी को एक चोर चोरी के इरादे से एक घर में घुसा। घर में कुछ कीमती सामान नहीं मिलने पर उसने घर में मौजूद महिला को किस(चुंबन करना) किया और फरार हो गया। महिला ने शिकायत पर मुंबई पुलिस ने आरोपी चोर को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि बाद में उसे नोटिस देकर छोड़ दिया गया। उधर, इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। लोगों में दहशत का माहौल है।

### क्या है पूरा मामला?

यह घटना कुरार इलाके में 3 जनवरी को हुई। 38 साल की महिला अपने घर में अकेली थी। तभी एक चोर घर में घुस आया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। उसने महिला का मुंह बंद किया और कीमती सामान, पैसे, मोबाइल और ATM कार्ड मांगे। इस पर महिला ने बताया कि उसके पास कुछ भी कीमती सामान नहीं है। इसके बाद चोर ने महिला को किस किया और भाग गया।

### कुरार पुलिस में शिकायत दर्ज

महिला ने मामले की शिकायत कुरार पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (INS) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। उसी शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी उसी इलाके का रहने वाला है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। आरोपी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। वह अपने परिवार के साथ रहता है और बेरोजगार है।

### पुलिस पर उठे सवाल

पुलिस ने आरोपी को छेड़छाड़ और लूटपाट की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया था। हालांकि, बाद में उसे नोटिस देकर छोड़ दिया गया। यह समझ से परे है कि ऐसे गंभीर आरोप में आरोपी को कैसे छोड़ा जा सकता है? पुलिस को इस मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलानी चाहिए।

**मध्य रेल**

**कवच संबंधी कार्य**

**निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-सं.एवंदु.सं.-पी-पीएसएसए-2024**

भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसटी 400001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से सीमित निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भवन दिनांक 11/02/2025 को 15.00 बजे तक निविदा का समय, तिथि और प्रस्तुतीकरण उसी दिन 15.15 बजे खोला जाएगा। **कार्य का नाम:** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के अधिकार क्षेत्र में स्थिर कवच उपकरण और अन्य संबद्ध कार्यों के सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के काम के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) प्रदान करना और मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में कवच के लिए टावरों का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और अन्य संबद्ध कार्य करना। **लगभग मूल्य:** रु. 8.00 करोड़। **ईएमडी:** रु. 550400.00/- **खुलने की तारीख:** 11/02/2025 **वैधता:** 90 दिन। **समापन अवधी:** 66 महीने। यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है।

Apex-664 **म.रे.प्र.(सं. एवंदु.सं.) छ.शि.ट. मुंबई**

रेल्वे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**CH.E.(S.O.) विभाग**

सं. E.E.M./Sew/6953.City-1 07 जनवरी 2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई के मनपा आयुक्त निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा की प्रति महा-टेंडर पोर्टल (https://mahatenders.gov.in/nicgep/app) से "ई-प्रोक्योरमेंट" अनुभाग के अंतर्गत डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. | निविदा का विषय | निविदा आईडी | ईएमडी (रु.) | जांच (रु.) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संत गाडगे महाराज चौक पंपिंग स्टेशन पर मुख्य इनकमिंग पेनस्टॉक गेटों की ओवरहालिंग और मरम्मत का कार्य। | 2025_MCGM_1134167_1 | 25,000/- | 3300/- + 18% जीएसटी | 16.01.2025, 16.00 बजे |
| 2 | संत सावता मार्ग पंपिंग स्टेशन पर स्थापित मुख्य पंप संख्या 01 और 04 की ओवरहालिंग का कार्य। | 2025_MCGM_1134156_1 | 7,000/- | 1320/- 18% जीएसटी | 16.01.2025 , 16.00 बजे |

वेबसाइटः-https://portal.mcgm.gov.in
https://mahatenders.gov.in/nicgep/app
ई-मेल eemechscity1.so@mcgm.gov.in

हस्ता/-
(पी.ए.सलगांवकर)
Ex.Eng.Mech.(Sew.)City-IC

पीआरओ/2164 /विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# नए वायरस की दस्तक

पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर चीन में नया वायरस फैलने की आधी-अधूरी खबरें मिल रही थीं ,सोमवार तक उसी तरह के तीन मामले भारत में भी देखे गए। दो मामले बेंगलूरु में और एक मामला गुजरात में। छोटे बच्चों में फैलने वाले इस वायरस को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एडवाइजरी बता रही है कि घबराने की जरूरत नहीं है। यह वायरस दुनिया के कई देशों में पहले से ही मौजूद रहा है। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि चीन में फैल रहा वायरस कितना घातक है। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सलाह दी जा रही है कि सावधान रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं। लोग उसी गाइडलाइन का पालन करें जो कोविड के वक्त 'क्या करें और क्या न करें' के रूप में जारी की गई थी। दरअसल, चीन में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी के मामलों में वृद्धि की खबरों ने पूरी दुनिया में चिंता बढ़ाई है। हालांकि, दुनिया के चिकित्सा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह सांसों से जुड़ा सामान्य वायरस है, जो सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां पैदा करता है। खासकर बच्चे व बुजुर्ग इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। लेकिन चिंता तब पैदा हो सकती है जब पता चले कि चीन के उत्तरी इलाकों में फैलने वाला वायरस म्यूटेशन से गंभीर बन गया है। हालांकि, चीनी नीति-नियंताओं की दलील रही है कि उत्तरी गोलार्ध में ठंड के मौसम में सांस की नली का संक्रमण आम बात है। फिर भी बताते हैं कोरोना का स्रोत माने जा रहे चीन में इस वायरस को लेकर गंभीरता देखी जा रही है और उसके नियंत्रण के लिये चीन के नेशनल डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेन्शन संस्थान की देखरेख में विशेष निगरानी सिस्टम बनाया गया है। चीन सरकार ने दिसंबर के तीसरे सप्ताह में उत्तरी प्रांतों में चौदह साल से कम उम्र के बच्चों के इस वायरस से पीड़ितों की संख्या में वृद्धि के बाद यह कदम उठाया था। हालांकि, एचएमपीवी के स्रोत के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है। दरअसल, यह संक्रामक बीमारी दुनिया के विभिन्न देशों में किसी न किसी रूप में विद्यमान रही है। जिसमें खांसी व छींक से निकलने वाले थूक के कणों से यह वायरस फैलता है। ऐसे में संक्रमण से बचने के लिये हाथ मिलाने, दूसरों को छूने व गले मिलने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। यदि हम सावधानी न बरतें तो वायरस हमें संक्रमित कर सकता है। कोरोना वायरस से बचाव की ही तरह खांसने -छींकने पर कपड़ा या रूमाल रखने की सलाह दी जाती है। निरंतर कपड़े को बदलने तथा नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की भी सलाह दी जाती है। जुकाम लगने पर मास्क पहनने तथा घर पर आराम करने की भी सलाह दी जाती है। साथ ही गुनगुना पानी पीने तथा पौष्टिक आहार की सलाह भी दी जाती है। निश्चित रूप से दमा व सांस की अन्य बीमारियों व दूसरे गंभीर रोगों से पीड़ितों के लिये यह वायरस कुछ परेशानी बढ़ा सकता है। लेकिन इसमें अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति कम ही आएगी। चिकित्सक के परामर्श से ही खांसी- बुखार की दवा लेने की सलाह दी जाती है। बहरहाल, चिकित्सा विशेषज्ञ इस वायरस से भयभीत न होने की सलाह लगातार दे रहे हैं। उनका कहना है कि इस वायरस की खोज इस सदी के पहले ही वर्ष में हुई थी। वायरस का प्रसार चिड़ियाओं के जरिये हुआ था, जो इंसान को संक्रमित कर सकता था। इसकी दशकों से मौजूदगी के चलते लोगों में इसको लेकर एक स्तर तक रोग प्रतिरोधक क्षमता मौजूद है। यह एक सामान्य फ्लू की तरह बताया जा रहा है। हालांकि, सर्दियों के मौसम में आमतौर पर खांसी-जुकाम के मामले सामने आते हैं, लेकिन फिर भी सावधान रहने की जरूरत है।

# विदेशी निवेश की संभावनाएं और चुनौतियां

हाल ही में 5 जनवरी को वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ रहा है, खास तौर से पश्चिम एशिया, जापान, यूरोपीय यूनियन और अमेरिका के निवेशक भारत को सबसे महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य के तौर पर मान्यता दे रहे हैं। लेकिन नए वर्ष 2025 में एफडीआई बढ़ाने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉर्पोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने को आगे बढ़े।

गौरतलब है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल, 2000 से सितंबर, 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में रहा है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका का 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरा स्थान है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं।

निस्संदेह, देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रुझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं।

भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। जिन सुधारों से विदेशी निवेश आकर्षित हुए हैं, उनमें मेक इन इंडिया पहल, आर्थिक उदार नीतियां, जीएसटी, प्रतिस्पर्धी श्रमिक लागत और रणनीतिक प्रोत्साहन, कई सेक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, स्टार्टअप फंडिंग के लिए एंजेल टैक्स खत्म होना, विदेशी कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट टैक्स में कमी प्रमुख हैं। इतना ही नहीं, भारतीय बाजार बढ़ती डिमांड वाला बाजार है। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से बढ़ने लगा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) की वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट सहित विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए विगत 10 वर्षों में करीब 1,500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन



डॉ. जयंतीलाल भंडारी

को समाप्त कर दिया गया है। आर्थिक क्षेत्र में दिवालिया कानून जैसे सुधार किए गए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में जोरदार सुधार करके मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद की मदद से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया गया है। कानून के कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एफडीआई के लिए नए रास्ते जैसे अभूतपूर्व कदमों से देश की ओर विदेशी निवेश का प्रवाह तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है।


निस्संदेह, वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक एक खास मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई नहीं दिख रहा है। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। देश में शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है और अंतर्राष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए सरकार जिन रणनीतियों के साथ आगे बढ़ रही है, उससे देश में तेजी से विदेशी निवेश बढ़ रहा है। निश्चित रूप से बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में चीन दुनिया में पहले स्थान पर है। साथ ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा अब नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनियाभर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है।

जीवन मंत्र — ओशो

# जीसस के चरण पखारना

> जुदास ने तो जीसस को तीस चांदी के टुकड़ों में बेच दिया और बाकी शिष्य भाग गए थे डर से, कि कहीं अब हमको भी न पकड़ लिया जाए। जो स्त्री जीसस को सूली से उतारते वक्त मौजूद थी, वह वही स्त्री थी।

एक स्त्री आई और उसने बड़ा बहुमूल्य इत्र जीसस के पैरों पर डाला। वह इतना बहुमूल्य इत्र था कि उन दिनों भी हजारों रुपये उसकी कीमत हुआ करती थी! जीसस शांत बैठे रहे। फिर उस स्त्री ने अपने बालों से उनके पैर पोंछे और यह सब करते हुए उसकी आंखों से निरंतर आंसू झरते जा रहे थे। जुदास भी उस समय वहीं खड़ा था। यह सब देखकर उसने जीसस से कहा, 'यह व्यर्थ की खर्चीली आस्था है। आपने उस महिला को रोका क्यों नहीं? इतने पैसे से तो न मालूम कितने ही गरीबों के पेट भर जाते।' अब तुम सब बताओ- किससे राजी होओगे? जीसस से या जुदास से? तुम्हारी बुद्धि भी यही कहेगी कि बात तो जुदास ठीक ही कह रहा है। बिल्कुल तर्कयुक्त है। लेकिन जीसस ने क्या जवाब दिया? उन्होंने कहा, 'मेरे जाने के बाद भी दुनिया में गरीब रहेंगे, तुम उनकी सेवा पीछे कर लेना। अभी दूल्हा घर में है, उत्सव होने दो।' यह बात किसी और तल की है : अभी दूल्हा घर में है, उत्सव होने दो। गरीब तो सदा से हैं और हमेशा रहेंगे, सेवा तुम पीछे कर लेना, मेरे बाद कर लेना। मैं ज्यादा दिन यहां नहीं रहूंगा। और जीसस ज्यादा दिन रहे भी नहीं।



इस बात को कहने के तीन महीने बाद ही सूली लग गई। जीसस ने कहा था, ज्यादा दिन मैं यहां रहूंगा भी नहीं, जल्दी ही मेरी विदाई का क्षण आ जाएगा। हो सकता है कि इस स्त्री को वह विदा का क्षण दिखाई पड़ रहा था, क्योंकि जीसस को जब सूली से उतारा गया, तब यही स्त्री उस वक्त उनके पास मौजूद थी, उनके बाकी सब शिष्य तो भाग गए थे। जुदास ने तो जीसस को तीस चांदी के टुकड़ों में बेच दिया और बाकी शिष्य भाग गए थे डर से, कि कहीं अब हमको भी न पकड़ लिया जाए। जो स्त्री जीसस को सूली से उतारते वक्त मौजूद थी, वह वही स्त्री थी। वह एक वेश्या थी मैरी मेग्दलीन, जिसने हजारों रुपये का कीमती इत्र जीसस के पैरों पर डाला था।

फिर जीसस ने जुदास से कहा- उसका प्रेम देखा था कि तुमने सिर्फ इत्र देखा? और उसे रोकना उसके हृदय को तोड़ना हो जाएगा। तुम इत्र का मूल्य देखते हो? उसका हृदय, जो अपना सर्वस्व न्योछावर कर देना चाहता है, उसे नहीं देखते?

जीसस ने कहा- प्रेम से लाई गई किसी भेंट का मूल्य जांचना- चाहे वह निर्मूल्य हो या बहुमूल्य- दुकानदारी का काम है, और प्रेम में दुकानदारी की कहां जगह? अगर वह घास का एक फूल भी लेकर आई होती, तो उसका भी वही मूल्य होता, जो इस इत्र का है। क्योंकि वास्तविक मूल्य वस्तु का नहीं, उस प्रेम का है, जो वह चढ़ाना चाहती है।

शख्सियत — मोहन राकेश

## वह शिक्षक नाटकों की अलग दुनिया का साहित्यकार हो गया



8 जनवरी 1925 को पंजाब के अमृतसर में जन्मे मोहन राकेश 'नई कहानी आंदोलन' के साहित्यकार थे। उनके नाटकों ने नाटक का सिर्फ तेवर ही नहीं बल्कि स्तर भी बदल दिया था। मोहन राकेश आधुनिक हिंदी साहित्य काल में अपने लेखन के दम पर लगातार दूर होते जा रहे हिंदी साहित्य को रंगमंच के बेहद करीब लाने में भी सफल रहे। अपने इन्हीं प्रयासों के चलते वह भारतेंदु हरिश्चंद्र और जयशंकर प्रसाद के समकक्ष खड़े हो गए ।

1925 में जन्मे मोहन राकेश ने भारत विभाजन को बेहद करीब से देखा था। नाटकों से अपनी पहचान स्थापित करने वाले मोहन राकेश ने अंधेरे बंद कमरे, न आने वाला कल समेत कई अन्य चर्चित उपन्यास लिखे। नई कहानी की तिकड़ी में मोहन राकेश के साथ-साथ कमलेश्वर और राजेंद्र यादव भी शामिल थे। हालांकि, मोहन राकेश को राजेंद्र यादव सर्वश्रेष्ठ रचनाकार मानते थे।

बता दें कि मोहन राकेश के पिता पेशे से वकील थे और साथ ही संगीत प्रेमी भी। कहा जाता है कि पिता की साहित्यिक रुचि का प्रभाव मोहन राकेश पर भी पड़ा। मोहन राकेश ने लाहौर के ओरियंटल कॉलेज से शास्त्री की परीक्षा पास की थी। किशोरावस्था में उनके सिर से पिता का साया उठ गया। इसके बावजूद मोहन राकेश ने हिम्मत नहीं हारी बल्कि पंजाब विश्वविद्यालय से हिंदी और अंग्रेजी में एम.ए. किया। एमए करने के बाद उन्होंने कई वर्षों तक दिल्ली, जालंधर, शिमला और मुंबई में अध्यापन कार्य किया। साहित्यिक रुचि के चलते उनका मन अध्यापन कार्य में जम न सका तो वह 'सारिका' पत्रिका का संपादन करने लगे। यह काम भी उन्हें अपने लेखन कार्य में बाधक लगा तो इसे भी उन्होंने किनारे कर दिया।

मोहन राकेश ने सिपाही की मां, आषाढ़ का एक दिन, लहरों के राजहंस, आधे-अधूरे, अंडे के छिलके जैसे पांच नाटक लिखे थे। इन नाटकों ने समाज को बहुत प्रभावित किया। मोहन राकेश ने कालिदास के जीवन को केंद्र बनाकर आषाढ़ का एक दिन लिखा था, जो कि वर्ष 1958 में प्रकाशित हुआ। यही नहीं, मोहन राकेश का यह नाटक 1959 में सर्वश्रेष्ठ चुना गया, जिसे संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

दुनिया को अलविदा कह गया राजेश यादव का सर्वश्रेष्ठ रचनाकार अंतराल, न आने वाला कल जैसे चर्चित उपन्यास लिखने वाले मोहन राकेश 3 जनवरी 1972 को दुनिया को अलविदा कह गए। उनका नई दिल्ली में आकस्मिक निधन हुआ था।

जीवन ऊर्जा


स्टीफन हॉकिंग : जन्म- 8 जनवरी, 1942 — जन्म

> स्टीफन हॉकिंग का जन्म 8 जनवरी 1942 को ऑक्सफोर्ड में फ्रैंक और इसाबेल एलेन हॉकिंग के घर हुआ था। हॉकिंग की मां का जन्म ग्लासगो, स्कॉटलैंड में डॉक्टरों के परिवार में हुआ था। यॉर्कशायर के उनके अमीर पैतृक दादाजी ने खुद को कृषि भूमि खरीदने के लिए बढ़ा दिया था और फिर 20 वीं शताब्दी की शुरुवात में महान कृषि अवसाद में दिवालिया हो गया था। उनके पैतृक दादी ने परिवार को अपने घर में एक स्कूल खोलकर वित्तीय बर्बाद कर दिया।

# जिंदगी के हर एक पल का आनंद लो

जिंदगी को समझो और उसमें हर एक पल का आनंद लो। हमारे पास जो समय है, उसे हमें समझकर और भरपूर आनंद लेकर जीना चाहिए। जीवन को केवल समस्याओं और कठिनाइयों के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि उसे एक अवसर के रूप में देखना चाहिए, जिससे हम सीख सकते हैं और खुद को बेहतर बना सकते हैं।

अविश्वसनीयता का अनुभव करने का मतलब है कि हम चीजों के बारे में एक नया दृष्टिकोण अपनाते हैं। हम अपने दृष्टिकोण को बदलते हैं, तो हम अपनी समस्याओं और जीवन की चुनौतियों को नए तरीके से देख सकते हैं। जब हम चीजों को अलग



नजरिए से देखते हैं, तो हमें नई संभावनाएं और समाधान दिखाई देते हैं। यह जीवन को समझने का एक बहुत ही रचनात्मक तरीका है।

अगर जीवन में संघर्ष नहीं है, तो आप कभी भी सफलता का अनुभव नहीं कर सकते। जीवन में आने वाली कठिनाइयाँ और संघर्ष हमें हमारी असली क्षमता का एहसास कराते हैं। संघर्ष के बिना सफलता का असली स्वाद नहीं लिया जा सकता। हर व्यक्ति की यात्रा में चुनौतियां होती हैं, और उनका सामना करके हम अपनी क्षमताओं को पहचान सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं।

हमारी सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि हम कभी हार मान लेते हैं। सफलता का रास्ता हमेशा प्रयास करने से खुलता है। यदि हम निरंतर प्रयास करते रहें, तो सफलता हमें जरूर मिलेगी। हार मानना ही हमारी सबसे बड़ी कमजोरी होती है। सफलता सिर्फ उन्हीं को मिलती है, जो लगातार प्रयास करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# क्यों कहा जाता है प्रयागराज को तीर्थराज?

(भाग 1)

कुंभ का इतिहास और उसकी महत्ता के बारे में स्कंद पुराण और वाल्मीकि रामायण में उल्लेख मिलता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माना जाता है कि पहले कुंभ का आयोजन राजा हर्षवर्द्धन के राज्यकाल (664 ईसा पूर्व) में आरंभ हुआ था।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग ने अपनी भारत यात्रा का उल्लेख करते हुए कुंभ मेले के आयोजन का उल्लेख किया है। साथ ही साथ उसने राजा हर्षवर्द्धन की दानवीरता का भी जिक्र किया है।

ह्वेनसांग ने कहा है कि राजा हर्षवर्द्धन हर पांच साल में नदियों के संगम पर एक बड़ा आयोजन करते थे, जिसमें वह अपना पूरा कोष गरीबों और धार्मिक लोगों में दान दे देते थे। ग्रंथों के अनुसार इन संयोग में कुंभ का आयोजन होता है बृहस्पति के कुंभ राशि में तथा सूर्य के मेष राशि में प्रविष्ट होने पर हरिद्वार में गंगा के किनारे पर कुंभ का आयोजन होता है। दूसरा जब बृहस्पति के मेष राशि में प्रविष्ट होने तथा सूर्य और चंद्र के मकर राशि में होने पर अमावस्या के दिन प्रयागराज में त्रिवेणी संगम तट पर कुंभ का आयोजन होता है।




तीसरा कुंभ बृहस्पति एवं सूर्य के सिंह राशि में आने पर नासिक में गोदावरी के किनारे पर कुंभ का आयोजन होता है और बृहस्पति के सिंह राशि में तथा सूर्य के मेष राशि में प्रविष्ट होने पर उज्जैन में शिप्रा तट पर कुंभ का आयोजन होता है। वाल्मीकि रामायण में कहा गया है कि राम अपने वनवास काल में जब ऋषि भारद्वाज से मिलने गए तो वार्तालाप में ऋषिवर ने कहा कि हे राम गंगा-यमुना के संगम का जो स्थान है वह बहुत ही पवित्र है। आप वहां भी रह सकते हैं। श्रीरामचरितमानस में प्रयागराज के महत्व का वर्णन बहुत रोचक तरीके से और विस्तारपूर्वक किया गया है।

माघ मकरगत रवि जब होई।
तीरर्थ पतिहिं आव सब कोई।।
देव दनुज किन्नर नर श्रेनी।
सादर मज्जहिं सकल त्रिवेणी।।
पूजहिं माधव पद जल जाता।
परसि अछैवट हरषहिं गाता।।
भारद्वाज आश्रम अति पावन।
परम रम्य मुनिवर मन भावन।।
तहां होइ मुनि रिसय समाजा।
जाहिं जे मज्जन तीरथ राजा।।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार माघ के महीने में त्रिवेणी संगम स्नान का यह रोचक प्रसंग कुंभ के समय साकार होता है।

साधु संत प्रातःकाल संगम पर स्नान करके कथा कहते हुए ईश्वर के विभिन्न स्वरूपों और तत्वों की विस्तार से चर्चा करते हैं। कुंभ भारतीय संस्कृति का महापर्व है और इस पर्व पर स्नान दान ज्ञान मंथन के साथ ही अमृत प्राप्ति की बात भी कही गई है। कुंभ का बौद्धिक पौराणिक ज्योतिषी के साथ-साथ वैज्ञानिक आधार भी है। इसका वर्णन भारतीय संस्कृति के आदि ग्रंथ वेदों में भी मिलता है। (क्रमशः)

## अपने विचार



हमें धार्मिक संस्थानों में समानता के विचार को फिर से स्थापित करना चाहिए। जब किसी को प्राथमिकता दी जाती है, तो यह समानता की अवधारणा को कमजोर करता है। वीआईपी संस्कृति एक विपथन है, समानता के आधार पर देखा जाए तो यह एक घुसपैठ है।
**-जगदीप धनखड़**, उपराष्ट्रपति



नीतीश कुमार थक चुके हैं और रिटायर्ड अफसरों के सहारे सरकार चला रहे हैं। कोई भी निर्णय लेने लायक नीतीश कुमार अब नहीं रहे हैं। पूरी तरीके से हाईजैक हो रखे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस ने अपराधियों के आगे घुटने टेक दिए हैं। **-तेजस्वी यादव,** राजद नेता



ड्राइविंग ट्रेनिंग पॉलिसी के तहत करीब 1250 नए ट्रेनिंग सेंटर और फिटनेस खोले जाएंगे. इसमें मंत्रालय की ओर से करीब साढ़े चार हजार करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया जाएगा. इसमें करीब 25 लाख नए ड्राइवर ट्रेनिंग लेकर लाइसेंस के साथ निकलेंगे और उनको रोजगार मिलेगा.
**-नितिन गडकरी,** सड़क परिवहन मंत्री



चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है. बाहुबल और धनबल से दूर रहने वाली गरीबों-मजलूमों की पार्टी बीएसपी चुनाव आयोग से यह उम्मीद रखती है कि वो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के क्रम में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही सांप्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा। **-मायावती**, बसपा सुप्रीमो

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# पश्चिम रेलवे का ऐतिहासिक कदम

## महालक्ष्मी ट्रैक्शन सबस्टेशन में बनी मुंबई की पहली महिला रखरखाव टीम

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे ने समाज में रूढ़िवादिता को चुनौती देते हुए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुंबई उपनगरीय ट्रैक्शन (TRD) विभाग ने महालक्ष्मी ट्रैक्शन सबस्टेशन में पहली बार पूरी तरह से महिला रेलकर्मियों की एक रखरखाव टीम का गठन किया है। यह कदम तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को प्रकट करता है और पश्चिम रेलवे के प्रगतिशील दृष्टिकोण को दर्शाता है।



### महिला टीम की भूमिका

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक के अनुसार, इस महिला टीम की भूमिका एसी ट्रैक्शन सिस्टम में बिजली आपूर्ति के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करना है। यह टीम 25kV और 110kV उपकरणों के प्रबंधन और रखरखाव के लिए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है। उन्हें सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए तैनात किया गया है, जो सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### समावेशी दृष्टिकोण का उदाहरण

*यह पहल न केवल पश्चिम रेलवे के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि यह संगठन की विविधता और समावेशिता की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। पारंपरिक रूप से पुरुषों के क्षेत्र माने जाने वाले तकनीकी और परिचालन कार्यों में महिलाओं को सशक्त बनाकर पश्चिम रेलवे ने एक अधिक समावेशी भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाया है।*

# परोपकार संस्था ने बढ़ाया गरीबों की तरफ मदद का हाथ

### 725 गरीब परिवारों को मुहैया कराई खाद्य किट

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

नववर्ष और मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर ₹परोपकार₹ साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थान ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए अन्न किट वितरण का आयोजन किया। यह आयोजन पद्मानगर स्थित अखिल पद्मशाली सभागृह में हुआ, जिसमें करीब 725 गरीब परिवारों को खाद्य किट दी गई। इस अवसर पर सेंट्रल कमेटी अध्यक्ष रामकिशोर दरक की गरिमामई उपस्थिति रही।



### समारोह में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित

समारोह में परोपकार ठाणे भिवंडी क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष मनोज डुढाणी, मुरली तापड़िया, राकेश मूंदड़ा, भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी, और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने मिलकर संस्था के कार्यों की सराहना की और गरीबों की मदद के लिए धन्यवाद दिया।

### अन्न किट में शामिल खाद्य सामग्री

इस किट में चावल, दाल, आटा, शक्कर और रिफाइन तेल जैसी जरूरी खाद्य सामग्री शामिल थी, जिसे ₹परोपकार₹ द्वारा प्रिंटेड बैग में पैक कर जरूरतमंदों को सौंपा गया। इस पहल से गरीब परिवारों के चेहरों पर अपार खुशी देखने को मिली।

'जीवन अनमोल है भैया'


# गीत के माध्यम से जागरूकता का संदेश

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण के हाईवे पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने एक अनूठी पहल की है। पुलिस कांस्टेबल संजय घुडे द्वारा गाया गया और महेश कुमार धनके द्वारा लिखित गीत 'जीवन अनमोल है भैया' अब नागरिकों में यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूकता पैदा कर रहा है। इस गीत के माध्यम से 'जिंदगी अनमोल है' का संदेश दिया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सड़क पर सुरक्षित यात्रा करने के महत्व के बारे में जागरूक करना है। सड़क सुरक्षा अभियान 2025 के तहत इस गीत का उपयोग कर सड़क सुरक्षा के बारे में जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

### कार्यक्रमों में गीत का प्रसार

यह गीत न केवल स्कूलों और कॉलेजों में प्रस्तुत किया जा रहा है, बल्कि यातायात नियमों के अनुपालन और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में भी इसे प्रदर्शित किया जा रहा है। पुलिस का यह प्रयास सड़क सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश देने में सहायक साबित हो रहा है।



# महाराष्ट्र में भाजपा डेढ़ करोड़ नए सदस्य बनाएगी : चंद्रशेखर

### 'घर चलो अभियान के तहत दूसरा चरण 10 जनवरी से शुरू होगा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) महाराष्ट्र में सदस्यता अभियान का दूसरा चरण 10 जनवरी से शुरू करने जा रही है। पार्टी का लक्ष्य इस चरण के माध्यम से राज्य में 1.5 करोड़ नए सदस्य जोड़कर इसे सबसे बड़ी पार्टी बनाना है। यह जानकारी मंगलवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता ने दी। भाजपा के राज्य प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि 'घर चलो अभियान' के तहत पार्टी का लक्ष्य महाराष्ट्र के सभी एक लाख मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले हर घर तक पहुंचना है।



### सुरेश धास की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया

बीड जिले में सरपंच की हत्या के बाद एनसीपी मंत्री धनंजय मुंडे के खिलाफ भाजपा विधायक सुरेश धास की टिप्पणियों के बारे में पूछने पर, बावनकुले ने कहा कि धास को इस मामले के संबंध में मुख्यमंत्री को विशेष जानकारी देनी चाहिए और पार्टी से संबंधित मामलों पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे पहले ही धास के साथ बैठक तय कर चुके हैं ताकि पार्टी के मुद्दों पर चर्चा की जा सके।

### संगठन पर्व पहल और घर चलो अभियान

भा.ज.पा. ने 1 जनवरी से संगठन पर्व पहल शुरू की थी, जिसमें सदस्यता का विस्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, "हमारा लक्ष्य 1.5 करोड़ नए सदस्य जोड़कर भाजपा को महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी बनाना है।" इस अभियान के तहत पार्टी बूथ स्तर पर कार्य करेगी और 10 जनवरी से नए सदस्यों को पंजीकृत करने के लिए हर घर का दौरा किया जाएगा। विधायक, सांसद, मंत्री और पंचायत से लेकर संसद तक के निर्वाचित प्रतिनिधि प्रत्येक बूथ के तहत 40 से 50 घरों का दौरा करेंगे।

# उल्हासनगर में मराठी पत्रकार दिन का आयोजन



**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने 6 जनवरी को दर्पणकार बाल शास्त्री जांभेकर की जयंती के अवसर पर मराठी पत्रकार दिन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मनपा सभागृह में शाम 5 बजे हुआ, जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत बाळशास्त्री जांभेकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस मौके पर मनपा आयुक्त विकास ढाकने, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और कई अन्य मान्यवर उपस्थित थे।

### आयुक्त विकास ढाकने का संबोधन

मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने पत्रकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि पत्रकारिता का महत्व कई तरह से सामने आता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार की खबरें होती हैं, लेकिन एक सही पत्रकार विश्लेषणात्मक खबरें देता है, जो कभी भी कठोर हो सकती हैं, लेकिन उनका उद्देश्य सकारात्मक होता है।

### पत्रकारिता के योगदान पर चर्चा

उल्हासनगर मनपा के जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगळे ने भी पत्रकार बाळशास्त्री जांभेकर के पत्रकारिता के योगदान और उनके जीवन पर अपने विचार रखे।

### समारोह में उपस्थित प्रमुख व्यक्ति और पत्रकार

इस समारोह में महापालिका प्रशासक और आयुक्त श्री. विकास ढाकणे, अतिरिक्त आयुक्त श्री. जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त श्री. अजय साबले, सहायक आयुक्त श्रीमती मयुरी कदम, और कई पत्रकार जैसे दिलीप मालवनकर, नानिकराम मंगलानी, रविंद्र धांडे, धीरज सिंह, नंदू चव्हान, सुरेश चौहान, दिलीप मिश्रा, राजु गायकवाड़, रामेश्वर गवई, सदानंद नाईक, गुलाब पवार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# टल गया बड़ा हादसा

- ट्रैक पर रखे लोहे के टुकड़े से टकराई टावर वैगन
- बड़ा हादसा टलने से रेलवे ने ली राहत की सांस

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में बड़ा रेल हादसा होते होते बचा है। कसारा स्टेशन के पास रेल पटरी का कटा हुआ टुकड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। घटना 6 जनवरी की सुबह लगभग 4 बजे की है। आटगांव यार्ड और थानशेत एंड में रेलवे ट्रैक के बीच 15 इंच लंबा और 15 से 20 किलोग्राम वजनी लोहे का टुकड़ा पड़ा हुआ था। सुबह में विजिबिलिटी कम होने से रेल पटरी के टुकड़े से टावर वैगन टकरा गई। गनीमत रही कि टावर वैगन डिरेल नहीं हुई। टक्कर लगने से टावर वैगन के डीजल पाइप को नुकसान हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि मामला बहुत गंभीर विषय का है। घटनास्थल पर नजर दौड़ाने से पता चला कि रेलवे ट्रैक के पास थर्ड लाइन का काम चल रहा है।




### ट्रैक पर मिला 20 किलोग्राम लोहे का टुकड़ा

आसपास कई छोटे बड़े रेल पटरी के टुकड़े, फिश प्लेट, जॉगर्स प्लेट पड़े हुए हैं। घटनास्थल से मुंबई- आगरा नेशनल हाईवे महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। मामले की सूचना कल्याण जीआरपी को दी गई। मौके पर पहुंची जीआरपी की टीम ने जांच पड़ताल कर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


### हादसा टलने से रेलवे ने राहत की सांस ली

बीएनएस की धारा 125 और रेलवे एक्ट की धारा 150(1)(A) के तहत मामला दर्ज कर जांच जीआरपी ने शुरू कर दी है। अभी पता चल नहीं पाया है कि घटना शरारती तत्व की करतूत थी या तोड़फोड़ का प्रयास। दुर्घटना होने से रेल यात्रियों की जान को नुकसान पहुंच सकता था। हादसा टलने से रेलवे ने राहत की सांस ली है।

# सौतेली पोती से दुराचार के आरोपी को जमानत से इनकार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने नाबालिग सौतेली पोती से दुराचार के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका को खारिज करते हुए उसे रिहा करने से इनकार कर दिया। यह मामला मुंबई की एक हाउसिंग सोसायटी के सुरक्षा गार्ड से जुड़ा था, जिसने 2023 में पीड़िता की दादी से शादी की थी और उसके घर में रहने लगा था। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने 5 वर्षीय पीड़िता के साथ दुराचार किया, जब उसकी मां काम के लिए बाहर जाती थी और वह और उसका छोटा भाई घर पर अकेले रहते थे। पीड़िता ने अपनी मां को 31 अगस्त 2023 को अपनी गुप्तांग में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद आरोपी की हरकत के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद, 4 सितंबर 2023 को पीड़िता की मां ने एफआईआर दर्ज कराई। अतिरिक्त सरकारी वकील मयूर सोनावणे ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि अपराध की प्रकृति गंभीर है और आरोपी पीड़िता की दादी के माध्यम से साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है। अदालत ने आरोपी को रिहा न करने का फैसला लिया, यह कहते हुए कि पीड़िता को भारी मानसिक पीड़ा हुई है और वह अभी भी सदमे में है। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव ने कहा कि पीड़िता को मनोचिकित्सक के पास भेजने का परामर्श दिया गया है और उसकी मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आरोपी को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि पीड़िता की दादी पर आरोपी के दबाव डालने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।



# मानसिक रूप से बीमार गोद ली गई बेटी के गर्भपात के अनुरोध पर माता-पिता को चेतावनी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मानसिक रूप से बीमार गोद ली गई बेटी के गर्भ को समाप्त करने के लिए उसके 60 वर्षीय माता-पिता द्वारा की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें फटकार लगाई। अदालत ने यह सवाल उठाया कि यदि उनकी बेटी मानसिक रूप से बीमार है, तो 13 वर्ष की आयु से उसे घंटों घर से बाहर जाने की अनुमति क्यों दी गई? न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और राजेश पाटिल की पीठ ने कहा कि वे स्वेच्छा से उस लड़की के माता-पिता बने थे और अब उन्हें यह आरोप नहीं लगाने का अधिकार नहीं है कि उनकी बेटी हिंसक और बेकाबू है, जिसे वे संभाल नहीं सकते। अदालत ने यह भी कहा कि माता-पिता को अपनी दत्तक बेटी की देखभाल और मानसिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए था।



### मेडिकल जांच और गर्भवस्था के मूल्यांकन का आदेश

अदालत ने मामले में मेडिकल बोर्ड को आदेश दिया कि वह महिला और उसकी गर्भावस्था की जांच करे और उसकी मानसिक स्थिति का मूल्यांकन करें। इसके लिए सरकारी जेजे अस्पताल में मेडिकल बोर्ड को नियुक्त किया गया है। अदालत ने यह भी कहा कि महिला के माता–पिता ने अपनी दत्तक बेटी के अवैध गर्भवती होने के संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं कराया, जिससे एक गंभीर सवाल उत्पन्न हुआ।

### अवसाद और मानसिक स्थिति पर ध्यान

अतिरिक्त सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि लड़की मानसिक रूप से विक्षिप्त नहीं थी, जैसा कि उसके माता–पिता ने आरोप लगाया है। महिला को बॉर्डरलाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर था, जो अवसाद का एक प्रभाव है। इसके अलावा, वकील ने यह भी उल्लेख किया कि महिला को उसके दत्तक माता–पिता से वह प्यार और स्नेह नहीं मिला, जिसकी उसे आवश्यकता थी, और यही उसकी वर्तमान चिकित्सा स्थिति का एक कारण हो सकता है।

### कानूनी कार्रवाई और पुलिस जांच

अदालत ने यह भी जानना चाहा कि दत्तक बेटी के अवैध गर्भ के संबंध में माता–पिता ने अब तक कोई मामला क्यों दर्ज नहीं कराया। वकील ने कहा कि लड़की असहयोगी थी, इसलिए माता–पिता ने मामले को दर्ज नहीं कराया। इस पर, अदालत ने मुलुंड पुलिस स्टेशन को आदेश दिया कि यदि माता–पिता इस मामले में पुलिस से संपर्क करें, तो उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मामले की अगली सुनवाई 8 जनवरी 2024 को निर्धारित की गई है।

## राशिफल | प्रियंका जैन

**मेष:** आज कारोबारी लाभ में धन की वृद्धि होगी। नौकरी में शांति बनी रहेगी। कार्यस्थल पर सहकर्मियों का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा। परिवार में कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है।

**वृष:** पारिवारिक यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

**मिथुन:** आज नौकरीपेशा की व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है।

**कर्क:** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा। अपनी कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। खुद को शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य को लेकर चिंता रहेगी।

**सिंह:** आज शत्रु शांत बने रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कन्या:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा।

**तुला:** अचानक अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता वाला रहेगा। नौकरीपेशा वर्ग को शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी।

**धनु:** आज कार्य को लेकर नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होने से बॉस खुश रहेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**मकर:** व्यापारिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। किसी बात को लेकर भय बना रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**कुंभ:** नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य नहीं होंगे। अधिकारी वर्ग की नाराजी झेलना पड़ेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। व्यापार में आज मन नहीं लगेगा।

**मीन:** आज भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। प्रॉपर्टी के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा।

# जानें ज्योतिष में षोडशवर्ग क्या है?

षोडश वर्ग का फलित ज्योतिष में विशेष महत्व है। जन्मपत्री का सूक्ष्म अध्ययन करने में यह विशेष सहायक है। ... षट्वर्ग : लग्न, होरा, द्रेष्काण, नवमांश, द्वादशांश, त्रिशांश ये छः वर्ग होते है। सप्तवर्ग : उपरोक्त षट्वर्ग मे सप्तांश जोड़ देने पर सप्तवर्ग हो जाते है। षोडश वर्ग जन्मकुंडली के अध्ययन में षोडश वर्ग का क्या महत्व है। जन्मकुंडली के साथ षोडश वर्गों का अध्ययन कैसे किया जाता है? उदाहरण सहित सिद्ध करें। जन्मकुंडली के सूक्ष्म अध्ययन और फलों की पुष्टि में षोडश वर्ग का विशेष महत्व है। वर्ग का अर्थ है भाग या हिस्सा। अर्थात, किसी एक बड़े भाग का सूक्ष्म हिस्सा। ज्योतिष में प्रत्येक भाव के निश्चित कारक तत्व होते हैं और इन्हीं कारक तत्वों के सूक्ष्म फलित या फलों की पुष्टि के लिये वर्गों का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त, ग्रहों का बलाबल निकालने के लिये भी वर्ग कुंडलियाँ महत्वपूर्ण हैं। जन्मकुंडली और वर्गों में योग होने या न होने का अर्थ यह नहीं लगाना चाहिये कि वह स्थिति जीवन पर्यन्त रहेगी। इसका तात्पर्य केवल इतना है कि जातक को प्रारब्ध के रूप में उन योगों का फल भोगना है। योगों का शुभाशुभ फल अनुकूल/प्रतिकूल दशा में ही घटित होता है और वह भी तब, जब दशा का गोचर से भी समन्वय हो। योग, दशाओं और गोचर के समन्वय से ही भाव-सिद्धि संभव है। दशानाथ और गोचर ग्रहों को जन्मकुंडली और संबंधित वर्गों में रख कर अनुकूलता/प्रतिकूलता का भी आकलन करना चाहिये। षोडश वर्ग का महत्व, फलित की सटीकता बढ़ाने, फलों की पुष्टि करने, ग्रहों का बलाबल निकालने आदि में ही छिपा है जिसके उपयोग के बिना फलित अधूरा है। बृहत् पाराशर होराशास्त्रम् के अथ षोडशवर्गाध्याय एवं फलदीपिका वर्ग विभाग अध्याय में 16 वर्गों का उल्लेख है जिनको पुनः निम्न चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है:

भाग 1.2.3.(डी-1-डी-60')




प्रियंका जैन
9769994439

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के जनता दरबार में 40 लोगों ने रखी समस्याएं




**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी की उपस्थिति में मंगलवार को जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान 40 लोगों ने समस्याएं रखी। मंत्री इरफान ने तत्काल अधिकारियों से बात कर समाधान का रास्ता निकालने का निर्देश दिया।

### एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे थे श्रीवास्तव गैंग के अपराधी

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस काफी संवेदनशीलता से कार्रवाई कर रही है। अपराधियों की भनक लगते ही पुलिस ना सिर्फ अलर्ट हो रही है, बल्कि बेहद शातिर तरीके से अपराधियों को दबोच भी रही है। रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड में एलेक्सा रिसोर्ट में जुटे अपराधियों को पुलिस ने भी बेहद नाटकीय तरीके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी श्रीवास्तव गैंग से ताल्लुकात रखते थे।

### 126 लीटर नेपाली शराब और मोटरसाइकिल बरामद



**अररिया।** जिले की बसमतिया थाना पुलिस ने भारत नेपाल सीमा के पास वार्ड संख्या पांच से मंगलवार को गश्ती के दौरान 126 लीटर नेपाली शराब बरामद किया।बसमतिया थाना पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से शराब का बड़ा खेप भारतीय परिक्षेत्र में तस्करी लाया जाने वाला है।जिसको लेकर गश्ती गाड़ी को सीमा के इर्द गिर्द लगाया गया।इसी क्रम में नेपाल परिक्षेत्र से होंडा कंपनी की एक मोटरसाइकिल संख्या बीआर 50 एए/8877 पर सवार तस्कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया।पुलिस की गाड़ी को देख तस्कर अपनी बाइक और शराब के कार्टून को छोड़कर मौके से भाग गया।

# अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान

### फिर योगी और अखिलेश होंगे आमने-सामने

एजेंसी । अयोध्या

यूपी में एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव आमने-सामने होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया। 5 फरवरी को वोटिंग होगी और 8 फरवरी को गिनती के साथ रिजल्ट घोषित किया जाएगा। नामांकन इसी महीने दस जनवरी से 17 जनवरी तक किए जा सकेंगे। 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। बसपा ने पहले ही उपचुनाव से दूरी बना ली है। कांग्रेस ने भी सपा को समर्थन का ऐलान किया है। ऐसे में मुकाबला सपा और भाजपा के बीच ही होगा। मिल्कीपुर सीट लगातार सपा ही जीतती रही है। पिछली बार समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने यह सीट जीती थी।



### मामला हाईकोर्ट में होने से टल गया उपचुनाव

लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में मिल्कीपुर समेत कुल 10 सीटें रिक्त हुई थीं। महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के ऐलान के साथ ही यूपी की दस में से नौ सीटों पर उपचुनाव का ऐलान हुआ लेकिन मिल्कीपुर का चुनाव टाल दिया गया। चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर सीट का मामला हाईकोर्ट में होने के कारण उपचुनाव का ऐलान नहीं किया। ऐसे में सपा ने भाजपा पर हार के डर से चुनाव टालने का आरोप लगाया। इसके बाद से लगातार भाजपा और सपा के बीच मिल्कीपुर सीट को लेकर शब्दबाण चल रहे हैं। सपा ने इस सीट से प्रत्याशी का भी ऐलान तभी कर दिया था। सपा की तरफ से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को मैदान में उतारने का ऐलान किया गया है।

### सपा के अवधेश प्रसाद ने की थी जीत हासिल

राममंदिर उद्घाटन के तत्काल बाद हुए लोकसभा चुनाव में सपा ने अवधेश प्रसाद को ही अयोध्या से उतार दिया। अवधेश प्रसाद ने जीत हासिल की और मिल्कीपुर विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। अवधेश प्रसाद के अयोध्या की लोकसभा सीट जीतने और भाजपा के हारने से पूरे देश में यह सीट चर्चा का विषय बन गई। सपा ने भी इसे खूब भुनाया भी। अवधेश प्रसाद को अखिलेश ने लोकसभा में अपने साथ सबसे आगे बैठाया। यही नहीं मिल्कीपुर सीट से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को प्रत्याशी भी घोषित कर दिया था।

### ऐसे साफ हुआ मिल्कीपुर में उपचुनाव का रास्ता

दरअसल 2022 के उपचुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद के जीतने के बाद भाजपा के गोरखनाथ ने एक याचिका लखनऊ हाईकोर्ट में दायिर की थी। गोरखनाथ का आरोप था कि अवधेश प्रसाद ने नामांकन पत्र के साथ जो हलफनामा लगाया है उसके नोटरी का लाइसेंस पहले ही एक्सपायर हो चुका है। ऐसे में नामांकन अवैध है। उन्होंने अवधेश प्रसाद को अयोग्य ठहराने की मांग हाईकोर्ट से की थी। इसी बीच अवधेश प्रसाद जब लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने तो मिल्कीपुर सीट से इस्तीफा दे दिया। सीट रिक्त तो हो गई लेकिन हाईकोर्ट में याचिका लंबित होने से चुनाव आयोग ने इस सीट पर उपचुनाव का ऐलान नहीं किया। सपा ने इसे भी मुद्दा बनाया और भाजपा पर हमला किया। हार की आशंका में चुनाव टालने का आरोप लगाया। इसी बीच चुनाव का रास्ता साफ करने के लिए गोरखनाथ दोबारा होईकोर्ट पहुंचे और अपनी याचिका वापस लेने की अपील दायर की। हाईकोर्ट से याचिका वापस लेने की अनुमति मिलते ही यहां पर चुनाव का रास्ता साफ हो गया।

### भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

भाजपा ने भी इस सीट को प्रतिष्ठा का सवाल बनाया हुआ है। सीएम योगी ने खुद इस सीट को अपने हाथों में लिया है और लगातार यहां का दौरा कर रहे हैं। बुधवार को भी सीएम योगी का अयोध्या दौरा पहले से प्रस्तावित है। राममंदिर के एक साल पूरा होने पर 11 जनवरी को भी सीएम योगी अयोध्या आ रहे हैं।

# भीषण सर्दी के चलते12वीं तक के सभी स्कूल बंद

### डीएम ने दिया आदेश

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले में भीषण सर्दी और शीतलहर को देखते हुए सभी बोर्डों के मान्यता प्राप्त स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस दौरान जहां-जहां प्रायोगिक परीक्षाएं होनी हैं, उन विद्यालयों के खोलने के निर्देश हैं। अवकाश 14 जनवरी तक होगा। मंगलवार की दोपहर डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने आदेश जारी करते हुए स्कूल प्रबंधकों को आदेश का पालन करने के लिए निर्देश जारी किए हैं।



### 14 जनवरी तक छुट्टी घोषित

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मिले निर्देश के बाद डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने स्कूलों में अवकाश करने की घोषणा की है। जारी पत्र में डीआईओएस ने बताया कि ठंड को देखते हुए समस्त बोर्डों के नर्सरी से लेकर इंटर तक की कक्षाएं 14 जनवरी तक स्थगित रहेंगी। विभिन्न बोर्डों के मान्यता प्राप्त स्कूलों में अगर प्रायोगिक परीक्षाओं के अलावा प्री-बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर समय तय हुआ है तो वहां के स्कूल प्रबंधक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को समय से बुलाने की छूट है।



## ईंट लदे ट्रैक्टर से 20 लाख की अवैध विदेशी शराब बरामद

### बेतिया में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**बेतिया।** बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। बेतिया के शिकारपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 लाख रुपये मूल्य की अवैध विदेशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई नरकटियागंज के प्रकाश नगर इलाके में देर रात करीब ढाई बजे की गई, जहां एक ईंट लदे ट्रैक्टर में तहखाना बनाकर शराब की खेप लाई गई थी।

शिकारपुर थाना पुलिस ने छापेमारी के दौरान ईंट लदे ट्रैक्टर को पकड़ा और उसमें बने तहखाने को खोलकर 1166 लीटर शराब बरामद की। बरामद शराब अलग-अलग ब्रांड की थी और इसे उत्तर प्रदेश से बिहार में तस्करी कर लाया गया था।

# शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर सस्पेंस बरकरार

### करीब 2 लाख दावेदारों में 30 से 40 हजार शिक्षकों को मिलेगा लाभ



**पटना।** बिहार के शिक्षा विभाग के सामने इन दिनों एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है, जहां राज्य के लगभग 1 लाख 90 हजार शिक्षक ट्रांसफर के इंतजार में हैं। हालांकि, सरकार द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार, वह केवल 30 से 40 हजार शिक्षकों के ट्रांसफर पर ही विचार करने वाली है, जबकि बाकी के आवेदनों को स्क्रूटनी में बाहर किया जा सकता है।

### शिक्षकों ने दूरी और व्यक्तिगत कारणों से ट्रांसफर की मांग की

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ। एस सिद्धार्थ ने पहले इस साल के पहले सप्ताह में ट्रांसफर प्रक्रिया को पूरा करने का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट हल नजर नहीं आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, आवेदन देने वाले ज्यादातर शिक्षकों ने जिलों के भीतर ही ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है। दूसरी तरफ, जिन शिक्षकों की पोस्टिंग दूर के जिलों में है, उन्हें ट्रांसफर में प्राथमिकता मिल सकती है। बिहार के अलग-अलग हिस्सों से जैसे किशनगंज से पश्चिम चंपारण, गया से अररिया तक के दूरदराज जिलों में शिक्षकों की पोस्टिंग की गई थी।

# यूपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

### कई कमिश्नर समेत 11 आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल कर दिया है। कई मंडलों के कमिश्नर समेत 11 वरिष्ठ आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया गया है। आजमगढ़, विंध्याचल, चित्रकूट और कानपुर के कमिश्नर इसके दायरे में आए हैं। इसके साथ ही कई प्रमुख सचिवों की जिम्मेदारियों में भी फेरबदल किया गया है। दो दिन पहले ही प्रमोशन पाने वाले आईएएस अफसरों को नई जिम्मेदारियां दी गई थीं। इनमें कई आईएएस के पर भी कतरे गए थे। सीएम योगी के सबसे खास अफसर संजय प्रसाद को दोबारा प्रमुख सचिव गृह बनाया गया था। आलोक कुमार द्वितीय से प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग की जिम्मेदारी ले ली गई है। इसी तरह श्रीमती लीना जौहरी से प्रमुख सचिव सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग का प्रभार ले लिया गया है। कानपुर के कमिश्नर अमित गुप्ता को प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के साथ ही महानिरीक्षक निबंधन की जिम्मेदारी दे दी गई है। आजमगढ़ के कमिश्नर मनीष चौहान अब प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। गृह विभाग में सचिव विवेक को आजमगढ़ का कमिश्नर बनाया गया है।

### मंडल स्तर के बदलाव




विन्ध्याचल मंडल के कमिश्नर डा0 मुथुकुमारस्वामी बी अब वित्त विभाग में सचिव होंगे। चित्रकूट मंडल के कमिश्नर बाल कृष्ण त्रिपाठी को विंध्याचल का कमिश्नर बनाया गया है। कृषि विभाग में सचिव अजीत कुमार को चित्रकूट मंडल के कमिश्नर बनाए गए हैं। उद्योग विभाग के आयुक्त एवं निदेशक श्री के0 विजयेन्द्र पांडियन के पास कानपुर मंडल के कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। डा0 रूपेश कुमार अभी तक महानिरीक्षक निबंधन के साथ ही प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड और प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड थे।

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 234 अंक तेजी के साथ 78,199 पर बंद

### निफ्टी भी 91 अंक चढ़ा, BSE स्मॉल कैप में 945 अंक की बढ़त रही

एजेंसी । मुंबई

सेंसेक्स 7 जनवरी को 234 अंक की तेजी के साथ 78,199 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 91 अंक की तेजी रही, ये 23,707 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉल कैप 945 अंक की बढ़त के साथ 55,282 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में तेजी और 18 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडेक्स में ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.64% की तेजी रही।




### 6 जनवरी को बाजार में रही थी बड़ी गिरावट

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 6 जनवरी को सेंसेक्स 1258 अंक की गिरावट के साथ 77,964 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 388 अंक की गिरावट रही, ये 23,616 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉलकैप 1778 अंक गिरकर 54,337 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और 3 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में गिरावट और 7 में तेजी रही। जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडेक्स में सभी सेक्टर गिरावट के साथ बंद हुए। PSU बैंक सबसे ज्यादा 4.00% की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही रियल्टी में 3.16%, मेटल में 3.14%,मीडिया में 2.71% और ऑटो सेक्टर 2.18% की गिरावट रही।

### एशियाई बाजारों में भी तेजी रही

रिलायंस, ICICI बैंक,लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स ने बाजार को ऊपर चढ़ाया। जबकि, जोमैटो, TCS और HCL टेक ने सेंसेक्स को नीचे खींचा।
एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.97% और कोरिया के कोस्पी में 0.14% की तेजी रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.71% की तेजी के साथ बंद हुआ। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड और कैपिटल इन्फ्रा ट्रस्ट इनविट का IPO आज ओपन हो गया है। निवेशक 9 जनवरी तक इसके लिए बिडिंग कर सकेंगे। 14 जनवरी को शेयर BSE-NSE पर लिस्ट होंगे। NSE के डेटा के अनुसार, 6 जनवरी को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 2,575.06 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने भी 5,749.65 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 6 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.060% की गिरावट के साथ 42,706 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 0.55% की बढ़त के साथ 5,975और नैस्डैक 1.24% चढ़कर 19,864 के स्तर पर बंद हुआ।

# नौकरीपेशा को राहत की उम्मीद, कर दरों में कटौती का सुझाव

एजेंसी । नई दिल्ली

आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट को लेकर वित्त मंत्रालय विभिन्न स्तरों पर लोगों की राय ले रहा है। अब तक मिले सुझावों के आधार पर यह संकेत मिल रहे हैं कि सरकार का ध्यान देश में मांग और खपत को बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा।




### मध्यम वर्ग को मिल सकती है राहत

विशेषज्ञों का मानना है कि खपत बढ़ाने के लिए सबसे सीधा उपाय करों का बोझ कम करना होगा। सूत्रों के अनुसार, सरकार न्यू टैक्स रिजीम को अधिक आकर्षक बनाने की योजना पर काम कर रही है।

**10-12 लाख आय वर्ग:** इस श्रेणी के नौकरीपेशा और अन्य लोगों पर कर का बोझ कम किया जा सकता है।

**20 लाख आय वर्ग:** उद्योग जगत ने इस श्रेणी में आयकर छूट सीमा बढ़ाने का सुझाव दिया है, लेकिन सरकार फिलहाल 10-12 लाख आय वालों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कर राहत से मध्यम वर्ग के पास अधिक बचत होगी, जिससे ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में खर्च बढ़ने की संभावना है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा

ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए सरकार कल्याणकारी योजनाओं और प्रोत्साहन का ऐलान कर सकती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में मांग बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

### विकसित राष्ट्र के विजन पर केंद्रित होगा बजट

सरकार इस बार का बजट ₹विकसित राष्ट्र₹ के विजन को ध्यान में रखते हुए तैयार कर रही है। वित्तीय नीति का उद्देश्य लोगों को प्रोत्साहन देना और देश की आर्थिक प्रगति को तेज करना है।

### अन्य मुख्य मांगे एवं सुझाव

- सरकार से 80सी के तहत कटौती सीमा बढ़ाने की भी मांग की जा रही है, जिसे सरकार ने बीते करीब 10 वर्षों से नहीं बढ़ाया है। हालांकि इसकी संभावना कम है क्योंकि सरकार न्यू टैक्स रिजीम को प्रोत्साहन देना चाहती है।
- श्रमिक संगठनों ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत मिलने वाली पेंशन को पांच गुना तक बढ़ाने और आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग को उठाया है। ईपीएफओ से जुड़ी पेंशन को बढ़ाने के मांग लंबे समय से की जा रही है।
- मानक कटौती सीमा को 75 हजार रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख किए जाने की मांग है। हालांकि जानकार कहते हैं कि सरकार इस बार इसे 75 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक कर सकती है।

# 4 साल के निचले स्तर पर आ सकती है GDP

### वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4% रहने का अनुमान, एक साल पहले 8.2% रही थी




**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर का अनुमान 6.4% पर स्थिर रखा गया है। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, यह वृद्धि दर बीते चार वर्षों में पहली बार 7% से नीचे आ सकती है। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही (H1) में आर्थिक गतिविधियों की सुस्ती रही, लेकिन सांख्यिकी मंत्रालय को उम्मीद है कि दूसरी छमाही (H2) में कृषि, औद्योगिक गतिविधियों और ग्रामीण मांग में सुधार से आर्थिक वृद्धि को बल मिलेगा।

# बीते वर्ष वाहनों की बिक्री 9 फीसदी से अधिक बढ़ी

### 2024 बिक्री के लिहाज से रहा बेहतर, हालांकि दिसंबर में आई गिरावट



नई दिल्ली। दोपहिया व यात्री वाहनों की मांग में बीते वर्ष तेजी देखने को मिली है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर में खत्म बीते वर्ष के दौरान वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 9.11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। 2024 में कुल वाहन पंजीकरण 26107679 का हुआ है। यह संख्या कैलेंडर वर्ष 2023 में 23928293 वाहनों की रही थी। फाडा के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने कहा कि बीते वर्ष भीषण गर्मी, केंद्र व राज्यों में चुनाव और असमान मानसून समेत कई चुनौतियां थीं लेकिन इन सभी के बीच खुदरा बाजार में वाहनों की बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई है। खासकर दोपहिया वाहनों की बिक्री काफी अच्छी रही है। इसके पीछे मुख्या कारण है कि कंपनियों ने बेहतर आपूर्ति की और नए मॉडल पेश किए। इसी बीच ग्रामीण मांग में काफी तेजी देखने को मिली।

### ई-रिक्शा की बिक्री में सबसे ज्यादा उछाल

आंकड़े बताते हैं कि तिपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 10.49 प्रतिशत बढ़कर 12,21,909 इकाई हो गया जो 2023 में 11,05,942 इकाई था। इसमें भी इलेक्ट्रिक रिक्शा (ई-कार्ट के साथ) की बिक्री सबसे ज्यादा रही है, जिसमें 67.69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में 58940 वाहनों की बिक्री हुई जो वर्ष 2023 में 35149 रही थी।

# रोहित-कोहली का भविष्य चयनकर्ताओं के हाथ में

## टीम इंडिया के टेस्ट में पिछले छह महीने के खराब प्रदर्शन की समीक्षा हो: गावस्कर

### नंबर गेम

- 190 रन कोहली सीरीज में 23.75 की औसत से बनाए पाए
- 31 रन रोहित ने सीरीज में सिर्फ 6.20 की औसत से बनाए



**एजेंसी | सिडनी**

न्यूजीलैंड के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में हार के बाद टीम इंडिया के पिछले महीने के खराब प्रदर्शन की गहन समीक्षा की मांग उठने लगी है। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी इसकी पैरवी की है। उन्होंने कहा अब जबकि भारत डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया तो उन कारणों पर विचार करना उचित होगा कि ऐसा क्यों हुआ। रही बात रोहित और विराट के टेस्ट क्रिकेट में भविष्य की तो इसका फैसला चयनकर्ताओं के हाथ है। साथ ही उन्होंने डब्ल्यूटीसी के अगले चक्र के लिए युवाओं को मौके देने की भी वकालत की है।

### बुमराह का बोझ कम हो

उन्होंने कहा, भारत के पास कई होनहार तेज गेंदबाज हैं जो मौके का इंतजार कर रहे हैं। बुमराह पर ज्यादा बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। अगर अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो हमारे पास एक ऐसा आक्रमण हो सकता है जो किसी भी परिस्थिति में मैच जीत सकता है।

### कोहली का 2024 में टेस्ट में प्रदर्शन

| मैच | रन | सर्वोच्च | औसत | 50/100 |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 417 | 100* | 24.25 | 1/1 |

### रोहित का 2024 में टेस्ट में प्रदर्शन

| मैच | रन | सर्वोच्च | औसत | 50/100 |
|---|---|---|---|---|
| 14 | 619 | 131 | 24.76 | 2/2 |

### पूरी तरह से ईमानदार होना होगा

भारतीय क्रिकेट में स्टार खिलाड़ियों को सिर पर बिठाए रखने की संस्कृति रही है जिसे समय-समय पर बड़ी समस्या माना जाता है लेकिन गावस्कर ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए अपने पांव जमीन पर बनाए रखना मुश्किल काम नहीं है। उन्होंने कहा, हम हर दिन दर्पण में अपना चेहरा देखते हैं और चूंकि हम अपने साथ ऐसा करते हैं, इसलिए हम वर्षों में आए बदलावों पर ध्यान नहीं देते हैं। सिर्फ जब हम पहले के दिनों की तस्वीरें या वीडियो देखते हैं तब हमें बदलाव के बारे में पता चलता है।

### बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में पराजय का मुख्य कारण बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन रहा। रोहित और कोहली भारतीय बल्लेबाजी की कमजोर कड़ी साबित हुए। गावस्कर ने टीम के बल्लेबाजों की बार-बार विफलता की ओर इशारा करते हुए कहा, यह स्पष्ट है कि पिछले छह महीनों में हमारी बल्लेबाजी विफल रही। यही मुख्य कारण था कि हम उन मैच में भी हार गए जो हमें जीतने चाहिए थे। इसलिए अगर इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी के नए चक्र के लिए टीम में बदलाव की जरूरत है तो उम्मीद है कि चयनकर्ता गौर करेंगे कि 2027 में फाइनल तक कौन खिलाड़ी टीम में रहेगा और उसके अनुसार चयन करेंगे।गावस्कर ने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि घरेलू क्रिकेट में कुछ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब उन्हें उचित मौका देने की जिम्मेदारी चयनकर्ताओं पर है। उन्होंने कहा, जब तक उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा तो हमें कैसे पता चलेगा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे? गावस्कर ने नितीश कुमार रेड्डी जैसी प्रतिभा को सामने लाने के लिए चयन समिति की भी सराहना की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के जिन तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए उनमें रेड्डी भी शामिल थे।

### रोहित पहली बार 25 से कम औसत

रोहित ने 2024 में 24.76 की औसत से रन बनाए जो उनके टेस्ट करियर की एक कैलेंडर वर्ष में सबसे कम औसत है। इससे पहले उन्होंने 2015 में 25.07 की औसत से सिर्फ 326 रन बनाए थे। हालांकि तब सिर्फ सात मैच खेले थे।

### 43.84 अंतिम पांच बल्लेबाजों ने जोड़े

भारतीय शीर्ष क्रम ने पूरी सीरीज में निराश किया। यशस्वी को छोड़ दिया जाए तो बाकी बल्लेबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि निचले क्रम (पांचवें से दसवें नंबर तक) के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने सीरीज में 43.84 की औसत से 1933 रन बनाए। इसमें नितिश रेड्डी ने 37.25 की औसत से 298 रन बनाए। इसमें एक शतक भी शामिल रहा। वह भारत की ओर से सर्वाधिक रन बनाने में यशस्वी (391) के बाद दूसरे नंबर पर रहे।

## एएफसी एशियन कप 2027 का आयोजन 7 जनवरी से



**एजेंसी | नई दिल्ली**

एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने 2027 एशिया कप के आयोजन की तारीखों की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 7 जनवरी से शुरू होगा और 5 फरवरी तक चलेगा। एएफसी ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए सऊदी अरब को चुना गया है, जहां मैचों का आयोजन पांच प्रमुख स्टेडियमों में होगा। इनमें किंग फहद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम, किंग सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, इमाम मोहम्मद इब्न सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, किंगडम एरिना और अल शबाब स्टेडियम शामिल हैं। भारत ने अपनी बोली 2023 में वापस ले ली थी, जिसके बाद एएफसी ने 2027 एशियाई कप के आयोजन के लिए सऊदी अरब को मेज़बान घोषित किया।

## खो खो वर्ल्ड कप के लिए नए नियम घोषित

**एजेंसी | नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय खो खो फेडरेशन ने आगामी खो खो वर्ल्ड कप के लिए नए नियम नोटिफाई किए हैं, जो 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। ये नियम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खो खो मैचों के लिए तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। खो खो मैच की अवधि 50 मिनट निर्धारित की गई है। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे, जिनमें से 12 खिलाड़ी फील्ड पर खेलेंगे और 3 खिलाड़ी सब्स्टिट्यूट होंगे। मैच से पहले, दोनों टीमों को टॉस द्वारा अटैकिंग और डिफेंस का चयन करने का अवसर मिलेगा।

# सिंधु, लक्ष्य और प्रणय पर होगा उम्मीदों का दारोमदार

## इंडिया ओपन में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल पेश करेगा चुनौती





**एजेंसी | नई दिल्ली**

पीवी सिंधु शादी के बाद पहली बार कोर्ट पर उतरने के लिए तैयार है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु के साथ ही लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पर इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय उम्मीदों का दारोमदार होगा। इनके अलावा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी की जोड़ी भी तीन साल बाद फिर से खिताब जीतने के लिए जोर-आजमाइश करेंगे। भारत ने 14 जनवरी से शुरू होने वाले सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए अब तक सबसे बड़ा दल उतारा है। पिछले दो सत्र में भारत के 14-14 खिलाड़ी खेले थे जबकि इस बार 21 चुनौती पेश करेंगे। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी शी युकी सहित दुनिया के शीर्ष 20 पुरुष खिलाड़ियों में से 18 दमखम दिखाएंगे। पुरुष युगल जोड़ियों में ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेइकेंग एवं वांग चांग और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान एवं मुहम्मद रियान अर्दिआंतो शामिल हैं। इस टूर्नामेंट को 2023 में सुपर 750 श्रेणी में बढ़ा दिया गया था। पिछले साल चिराग और सात्विक की जोड़ी फाइनल में खिताब से चूक गई थी।

### नंबर गेम

- 21 भारतीय खिलाड़ी छह दिन चलने वाले टूर्नामेंट में दमखम दिखाएंगे
- 8 करोड़ 15 लाख की इनामी राशि के साथ 11000 रैंकिंग अंक होंगे दांव पर
- 20 दुनिया के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिलाओं में से 14 भाग लेंगी



### 2022 के बाद से नहीं जीता खिताब

भारतीय खलाड़ी इस घरेलू टूर्नामेंट में 2022 के बाद से किसी भी वर्ग में कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। तब लक्ष्य एकल और सात्विक-चिराग युगल में चैंपियन बने थे। महिला वर्ग में आठ साल से ट्रॉफी का इंतजार है। सिंधु ने 2017 में यह ट्रॉफी जीती थी।

## त्रिसा-गायत्री अंतिम-16 में

**एजेंसी | कुआलालंपुर**



त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने मंगलवार को मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को मात्र 30 मिनट में 21-10, 21-10 से पराजित कर अंतिम-16 में प्रवेश किया। लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में अपनी सफलता से उत्साहित त्रीसा और गायत्री को गैरवरीय थाई जोड़ी से खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में कुछ समय में ही 17-8 की बढ़त बना ली और फिर यह गेम अपने नाम करने में देर नहीं लगाई। त्रीसा और गायत्री को दूसरे गेम के शुरू में थोड़ा चुनौती का सामना करना पड़ा। शुरू में एक समय स्कोर 8-8 से बराबरी पर था लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी में शानदार प्रदर्शन करके यह गेम और मैच अपने नाम किया।

# न्यूजीलैंड से हार ज्यादा पीड़ादायक : युवराज

**एजेंसी | दुबई**



पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह का मानना है कि न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर सूपड़ा साफ होना भारतीय टीम के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) की हार से भी बड़ी असफलता है। भारत को पिछले साल घरेलू मैदान पर कमजोर न्यूजीलैंड से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जो टीम के टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ था। युवराज ने कहा, मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड से हारना अधिक पीड़ादायक है। क्योंकि वे घरेलू मैदान पर 3-0 से हार गए। आप जानते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। इसे (बीजीटी हारना) तब भी स्वीकार किया जा सकता है क्योंकि आप ऑस्ट्रेलिया में दो बार इस जीत चुके हैं और इस बार आपको हार का सामना करना पड़ा। भारत की 2011 विश्व कप जीत के नायक 43 वर्षीय युवराज ने कहा, मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया पिछले कई वर्षों से बेहद मजबूत टीम रही है। युवराज ने हार के कोहली और रोहित की आलोचना को अनुचित करार देते हुए कहा कि दोनों खिलाड़ियों की पिछली उपलब्धियों को नहीं भूलना चाहिए। हम अपने दिग्गज खिलाड़ियों कोहली और रोहित के बारे में बात कर रहे हैं। हम उनके बारे में बहुत बुरी बातें कह रहे हैं। लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अतीत में क्या हासिल किया है। वे इस समय के महानतम क्रिकेटरों में से एक हैं। ठीक है, वे हार गए, उन्होंने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली। वे हमसे भी ज्यादा दुखी हैं।

### रोहित का बाहर रहना सराहनीय

इस आक्रामक बल्लेबाज में रोहित के सिडनी टेस्ट से बाहर रहने के फैसले की भी सराहना की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह बड़ी बात है। मैंने पहले कभी नहीं देखा कि कप्तान का फॉर्म अच्छा नहीं चल रहा हो और वह खुद बाहर बैठ गया हो। यह रोहित शर्मा की महानता है कि उन्होंने टीम को खुद से आगे रखा। मुझे लगता है कि वह एक महान कप्तान हैं। चाहे जीतें या हारें, वह हमेशा एक महान कप्तान रहेंगे। उनकी कप्तानी में हमने (वनडे) विश्व कप फाइनल खेला है। हमने टी-20 विश्व कप जीता है। हमने बहुत कुछ हासिल किया है। मैं अपनी राय दे सकता हूं और मेरी राय यह है कि जब खिलाड़ी प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं तो उनके बारे में बुरा कहना आसान है। लेकिन उनका समर्थन करना बहुत मुश्किल है।

# शमी के चोट प्रबंधन पर शास्त्री-पोंटिंग ने सवाल उठाए




### शमी की वापसी की उम्मीदें

शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली टी-20 और विजय हजारे वनडे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था, जिससे उनकी भारतीय टीम में वापसी की उम्मीदें बढ़ी थीं। हालांकि बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने घुटने की सूजन का हवाला देते हुए मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले उनकी वापसी की संभावना को समाप्त कर दिया था।

**एजेंसी | सिडनी**

पूर्व क्रिकेट दिग्गज रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग ने मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाए हैं। दोनों ने कहा कि अगर इस अनुभवी तेज गेंदबाज को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दूसरे भाग में टीम में शामिल किया जाता तो भारत का पलड़ा अधिक मजबूत हो सकता था। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की और सीरीज 3-1 से अपने नाम की। शास्त्री ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे मीडिया में चल रही चर्चाओं से बहुत हैरानी हुई कि शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ था। जब फिट होने की बात आती है तो वह कहां हैं? मुझे नहीं पता कि वह कितने समय से एनसीए (भारतीय क्रिकेट अकादमी) में हैं। उनकी स्थिति को लेकर उचित संवाद होना चाहिए था। अगर मुझे फैसला करना होता तो मैं उसे ऑस्ट्रेलिया लेकर आता। अगर वह होता तो हम मेलबर्न और सिडनी टेस्ट का परिणाम अपने पक्ष में कर सकते थे।' ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी शास्त्री का समर्थन करते हुए कहा, 'मुझे हैरानी है कि उसे सीरीज के बीच में टीम में क्यों शामिल नहीं किया गया। वह कम ओवर भी करता तो भी अंतर पैदा कर सकता था।




# ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम में शामिल हुए फिटनेस से जूझ रहे किर्गियोस

**एजेंसी | नई दिल्ली**



पूर्व विंबलडन फाइनलिस्ट निक किर्गियोस को स्वीडन के खिलाफ होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में अप्रत्याशित रूप से चुना गया है। 29 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तान लेटन हेविट ने दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर, जॉर्डन थॉम्पसन और थानासी कोकिनाकिस के साथ स्टॉकहोम में 31 जनवरी और 1 फरवरी को होने वाले मुकाबले के लिए टीम में स्थान दिया है।
किर्गियोस को घुटने, पैर और कलाई की चोटों के कारण 2022 से फिटनेस के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, और इस वजह से उनकी ऑस्ट्रेलियन ओपन में भागीदारी भी अनिश्चित बनी हुई है। ब्रिसबेन इंटरनेशनल से बाहर होने के बाद उन्होंने ग्रैंड स्लैम टेनिस के तनाव को संभालने में अपनी क्षमता पर संदेह जताया था। डेविस कप टीम में किर्गियोस का चयन उन्हें कोकिनाकिस के साथ अपनी युगल साझेदारी को फिर से जीवंत करने का मौका प्रदान कर सकता है, जिसके साथ उन्होंने तीन साल पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल खिताब जीता था। किर्गियोस ने आखिरी बार नवंबर 2019 में डेविस कप खेला था, और 2022 में विंबलडन के फाइनल में पहुंचने के बाद वह नोवाक जोकोविच से चार सेटों में हार गए थे।

# 'कंगुवा' की ऑस्कर में हुई एंट्री



दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या की फिल्म 'कंगुवा' से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। 14 नवंबर, 2024 को रिलीज हुई इस फिल्म ने दुनियाभर में 106 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपये था। इसके बावजूद अब 'कंगुवा' ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

### अमजेन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है फिल्म

फिल्म फेडरनेशन ऑफ इंडिया ने 'कंगुवा' को भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में ऑस्कर में भेजा है। फिल्म फेडरनेशन ऑफ इंडिया की तरफ से इसकी पुष्टि की गई है। 'कंगुवा' ने 323 अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को टक्कर देते हुए ऑस्कर 2025 के दावेदारों की सूची में अपनी जगह बना ली है। बता दें 'कंगुवा' में सूर्या के अलावा बॉबी देओल और दिशा पाटनी ने भी अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।



# 'गुडाचारी 2' से जुड़ीं वामिका

अभिनेत्री वामिका गब्बी को इन दिनों वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' में देखा जा रहा है, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हो रही है। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। 'बेबी जॉन' की असफलता के बाद अब वामिका के हाथ एक पैन-इंडिया फिल्म लगी है। वह जल्द ही अभिनेता अदिवी शेष की फिल्म 'गुडाचारी 2' में नजर आएंगी। खास बात यह है कि 'गुडाचारी 2' वामिका के करियर की पहली पैन-इंडिया फिल्म है। 'गुडाचारी 2' से वामिका की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। पोस्टर में वह अदिवी के साथ नजर आ रही हैं। दिग्गज अभिनेता इमरान हाशमी भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मधु शालिनी भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। इसके निर्देशन की कमान विनय कुमार सिरिगिनीडी ने संभाली है। 'गुडाचारी 2' साल 2018 में आई फिल्म 'गुडाचारी' का सीक्वल है।



# सलमान खान की बढ़ाई गई सुरक्षा

पिछले कुछ महीनों मे गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह की ओर से मिल रही धमकियों के बीच अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दरअसल, सोशल मीडिया पर गैलेक्सी अपार्टमेंट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ कर्मचारी अभिनेता के घर की बाहरी दीवार पर बुलेटप्रूफ शीशे लगाते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में बालकनी को चारों तरफ से नीले बुलेटप्रूफ शीशे से ढका हुआ देखा जा सकता है। सलमान की सुरक्षा में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है, जब अभिनेता को कई बार बिश्नोई के गिरोह की ओर से जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं।2024 में गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलीबारी की गई थी। गोलीबारी के कुछ घंटों बाद बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए घटना की जिम्मेदारी ली थी। काम के मोर्चे पर बात करें तो सलमान इन दिनों फिल्म 'सिकंदर' को लेकर चर्चा में हैं।

# रंगमंच के दिग्गज अभिनेता आलोक चटर्जी का निधन

रंगमंच के दिग्गज अभिनेता आलोक चटर्जी का निधन हो गया है। आज तड़के 3 बजे भोपाल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे 64 साल के थे। कहा जा रहा है कि आकोल काफी समय से उम्र संबंधित बीमारियों से जूझ रहे थे। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। भोपाल के बंसल अस्पताल में आकोल का इलाज चल रहा था। अब मनोज बाजपेयी ने आकोल के निधन पर शो व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।



### दिल्ली में साथ बिताए समय को हमेशा संजो कर रखूंगा- मनोज

मनोज ने लिखा, 'हमारे प्रिय मित्र आकोल चटर्जी के दुखद निधन की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। एक अभिनेता जिसे मैं हमेशा से अपना आदर्श मानता था। एक दुर्लभ प्रतिभा जो कई लोगों द्वारा सम्मान और प्रशंसा के योग्य थी। शांति से आराम करो मेरे दोस्त। दिल्ली में साथ बिताए समय को हमेशा संजो कर रखूंगा।' आलोक दिवंगत अभिनेता इरफान खान के करीबी दोस्त थे। दोनों ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में 1984 से लेकर 1987 तक एक साथ पढ़ाई की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाने का फैसला किया है। पूर्व राष्ट्रपति का स्मारक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर (राजघाट परिसर का एक हिस्सा) के भीतर एक स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी भी दे दी है। बता दें कि, इसकी जानकारी लेखक और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दी है। उन्होंने लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित लेकिन सचमुच दयालु भाव से मैं बहुत प्रभावित हूं।'

### केरल में आरएसएस के नौ कार्यकर्ताओं को उम्रकैद

**कन्नूर।** थलस्सेरी की एक अदालत ने मंगलवार को आरएसएस के नौ कार्यकर्ताओं को हत्या में दोषी पाने पर उम्रकैद की सजा सुनाई। यह मामला उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में 19 साल पहले माकपा के एक कार्यकर्ता की हत्या से जुड़ा है। क्षेत्र में दो दलों में राजनीतिक तनाव के बीच तीन अक्तूबर, 2005 को कन्नपुरम चुंडा के 25 वर्षीय माकपा सदस्य रिजिथ शंकरन पर एक मंदिर के पास हमला कर उनकी हत्या कर दी गई। अभियोजन के अनुसार, घटना के वक्त रिजिथ अपने कुछ मित्रों के साथ घर जा रहा था। उसी दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया। हथियारों से लैस आरोपियों ने घात लगाकर एक कुएं के पास उन पर हमला किया। हमले में उनके तीन दोस्त भी घायल हो गए थे। थलस्सेरी की अतिरिक्त जिला सत्र अदालत ने चार जनवरी को आरोपियों को दोषी ठहराया। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे, जिनमें से एक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

### दिल्ली दंगों के आरोपी शफाउर रहमान को एआईएमआईएम ने दिया ओखला से टिकट

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए ओखला निर्वाचन क्षेत्र से अपने उम्मीदवार की घोषणा की है। पार्टी ने शफाउर रहमान को ओखला से टिकट दिया है। रहमान जामिया एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं और 2020 में हुए दिल्ली दंगों के आरोपी हैं। वह जामिया और शाहीन बाग में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान सक्रिय थे और फिलहाल जेल में बंद हैं।रहमान का मुकाबला मौजूदा विधायक और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अमानतुल्ला खान से होगा। एआईएमआईएम ने उन्हें इस सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। रहमान के नाम की घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है।


# आसाराम बापू को मिली बड़ी राहत

## ■ सुप्रीम कोर्ट ने 31 मार्च तक दी जमानत



**एजेंसी । नई दिल्ली**

यौन शोषण के मामले में सजा काट रहे आसाराम को कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कारणों के चलते आसाराम को 31 मार्च 2025 तक जेल से बाहर रहने की अनुमति दी है। हालांकि, कोर्ट ने जमानत देने से पहले कुछ शर्तें भी रखीं, जिसे आसाराम को माननी होंगी। 2013 में नाबालिग छात्रा से यौन शोषण के मामले में जेल गए आसाराम उम्र भर की सजा काट रहा है। कोर्ट ने मेडिकल कारणों के चलते अंतरिम जमानत दी है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि आसाराम इस दौरान किसी भी तरह से सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे और न ही अपने अनुयायियों से संपर्क करेंगे।



### क्या था मामला?

यह मामला 2013 में हुआ था, जब आसाराम पर आरोप लगा कि उन्होंने अपने जोधपुर स्थित आश्रम में एक नाबालिग छात्रा के साथ यौन शोषण किया। पीड़िता के माता-पिता ने आसाराम पर विश्वास करते हुए अपनी बेटी को इलाज के लिए उनके पास भेजा था। आसाराम ने छात्रा को कुटिया में बुलाया और वहां उसके साथ गलत हरकत की। जब छात्रा ने इसका विरोध किया तो आसाराम ने उसे धमकाया और इस घटना को किसी से न बताने की चेतावनी दी। घटना के बाद पीड़िता ने अपने माता-पिता को सारी बात बताई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया और आसाराम को गिरफ्तार कर जोधपुर लाया गया।

### आसाराम की जमानत याचिका खारिज

आसाराम ने कई बार जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर कीं, लेकिन उन्हें हर बार राहत नहीं मिली। आसाराम के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में उनकी मेडिकल स्थिति का हवाला देते हुए जमानत की याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने इस आधार पर आसाराम को 31 मार्च तक की अंतरिम जमानत दी। हालांकि, इस दौरान आसाराम को अपनी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखनी होगी।

### आसाराम को मिली पैरोल

इससे पहले आसाराम को कुछ समय के लिए पैरोल भी मिली थी, लेकिन वह जमानत पाने में सफल नहीं हो पाए थे। उन्हें 2018 में जेल में रहते हुए 7 दिन की पैरोल मिली थी, जिसे बाद में 5 दिन और बढ़ाया गया था। इसके बाद, 10 दिसंबर 2024 को आसाराम को 17 दिन की पैरोल मिली थी।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने इस अंतरिम जमानत के दौरान आसाराम को सामने कई शर्तें रखी हैं। कोर्ट ने कहा है कि आसाराम को किसी भी तरह से सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की अनुमति नहीं होगी और न ही वह अपने अनुयायियों से संपर्क करेंगे। साथ ही कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर आसाराम इन शर्तों का उल्लंघन करते हैं तो उनकी जमानत रद्द की जा सकती है।

# दिवाली समारोहों पर नहीं हुआ सरकारी खर्च

## ▶▶ प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी जानकारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सूचना के अधिकार (आरटीआई) के जवाब से यह सामने आया है कि न तो वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न ही दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान दिवाली समारोहों के लिए सरकारी धन का उपयोग किया। यह जानकारी पुणे के कार्यकर्ता प्रफुल सारदा की ओर से दायर एक आरटीआई आवेदन से प्राप्त हुई। प्रफुल सारदा ने नवंबर 2024 में आरटीआई के माध्यम से डॉ. मनमोहन सिंह और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान दिवाली के त्योहार पर होने वाले सरकारी खर्चों की जानकारी मांगी थी।

3 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा प्राप्त जवाब में स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत खर्चों पर कोई सार्वजनिक धन खर्च नहीं किया गया था। पीएमओ के अवर सचिव और केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) परवेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत खर्च सरकारी खाते से नहीं किए जाते हैं।




### यह घटनाक्रम क्यों महत्वपूर्ण है?


यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन की पत्नी जिल बिडेन को 7.5 कैरेट का हीरा उपहार में देने पर विवाद उत्पन्न हुआ था। यह हीरा पीएम मोदी ने अपनी 2023 की यात्रा के दौरान बिडेन को भेंट किया था। इस उपहार की कीमत को लेकर विवाद उठ गया था, जब अमेरिकी अधिकारियों ने इसकी कीमत 20,000 अमेरिकी डॉलर आंकी थी। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि इस रत्न की वास्तविक कीमत बहुत कम है, और यह प्रयोगशाला में विकसित किया गया है, जिसका अनुमानित मूल्य 2 लाख रुपये से कम है।

# सरोगेसी कानूनों में आयु सीमा की समीक्षा करेगा सुप्रीम कोर्ट

## ▶▶ केंद्र को जवाब दाखिल करने का आदेश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फैसला किया कि वह 11 फरवरी को सरोगेसी कानूनों में सरोगेट माताओं (जो दूसरों के लिए बच्चे को जन्म देती हैं) और अन्य लोगों के लिए आयु सीमा पर सुनवाई करेगा। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने सरोगेसी विनियमन अधिनियम और सहायक प्रजनन तकनीक (विनियमन) अधिनियम,



2021 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली करीब 15 याचिकाओं पर सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार से मामले पर लिखित जवाब दाखिल करने को कहा। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी पेश हुए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि केंद्र सरकार लिखित जवाब दाखिल करेगी और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करेगी।

### क्या है आयु सीमा

2021 के सरोगेसी कानूनों में माता-पिता और सरोगेट माताओं के लिए आयु सीमा तय की गई है। कानून के मुताबिक, इच्छित माता की आयु 23 से 50 साल के बीच होनी चाहिए और इच्छित पिता की आयु 26 से 55 साल के बीच होनी चाहिए। सरोगेट मां के लिए नियम यह हैं कि वह विवाहित हो, आयु 25 से 35 के बीच हो, पहले अपना जैविक बच्चा हो और जीवन में एक बार ही सरोगेसी का काम करे। कानून में सरोगेसी को नियंत्रित करने के लिए अन्य शर्तें भी दी गई हैं।

# 46 साल बाद बदल रहा कांग्रेस मुख्यालय

## ▶▶ 9ए कोटला मार्ग होगा नया पता

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस का मुख्यालय शिफ्ट होने जा रहा है, 46 साल बाद ऐसा होगा जब मुख्यालय बदला जाएगा। अब नया पता 9ए कोटला मार्ग होगा। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक अगले डेढ़ माह में शिफ्टिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा। इस बीच बचे विभागों ने NOC ली जाएगी। कांग्रेस का मुख्यालय अब अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 6 मंजिला भवन में होगा, 2009 में यूपीए 2 की सरकार बनते ही सोनिया गांधी ने इसका उद्घाटन किया था। यह भवन पूरी तरह कारपोरेट स्टाइल



में बना है। बताया जा रहा है कि इस शिफ्टिंग में डेढ़ माह से ज्यादा का वक्त लग सकता है। ऐसा 46 साल बाद होगा जब कांग्रेस अपना मुख्यालय बदलेगी, इससे पहले 1978 की शुरुआत ने कांग्रेस ने 24 अकबर रोड को पार्टी का मुख्यालय बनाया था। कांग्रेस का मुख्यालय 46 साल पहले 24 अकबर रोड पर बना था, इमरजेंसी के बाद हुए चुनावों के बाद 1978 की शुरुआत में कांग्रेस ने इस भवन को अपना मुख्यालय बनाया था।

# महाकुंभ में 'दवा दोस्त'

## ▶▶ अब 80 फीसदी कम कीमत पर मिलेगी दवाइयां

**एजेंसी । प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भव्य महाकुंभ की तैयारियां जोर शोर के साथ की जा रही है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा तमाम प्रकार की व्यवस्था की जा रही है। कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य को देखते हुए प्रयागराज में 80 फीसदी तक डिस्काउंट पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

भारतीय रेलवे के लखनऊ मंडल ने यह पहल शुरू की है। 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वाले पर्यटकों और रेल यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल के लिए यह



पहल की गई है। प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज संगम स्टेशनों पर 'दवा दोस्त' नाम से दवा की दुकान शुरू की गई है। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने अपने एक बयान में कहा कि, महाकुंभ के दौरान प्रयाग आने वाले पर्यटकों और रेल यात्रियों के लिए इन दुकानों पर आवश्यक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। इसके तहत मंडल के प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज संगम स्टेशनों पर 'दवा दोस्त' नाम से दवा की दुकान शुरू की गई है। रेलवे ने बयान में कहा कि, प्रयागराज महाकुंभ मेले में हजारों भक्तों, ऋषियों और संतों के शामिल होने की उम्मीद है।

# 'मुझे फिर मुख्यमंत्री आवास से निकाला गया'

## ▶▶ सीएम आतिशी ने केंद्र सरकार पर सीएम आवास छीनने का आरोप लगाया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद दिल्ली की सीएम आतिशी ने बीजेपी पर जोरदार हमला किया है। सीएम आतिशी ने बीजेपी पर जमकर हमला किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो सीएम आवास मिला है उसका अलॉटमेंट बीजेपी सरकार ने कैंसिल कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारा घर हमसे छीना जा रहा है। आतिशी ने दावा किया कि बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने मुझे तीन महीने में दूसरी बार मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकाला है। बीजेपी सोचती है कि वे हमारे घर छीनकर, हमें गाली देकर और मेरे परिवार के बारे में बुरा बोलकर हमें काम करने से रोकेंगे। वे हमारे घर छीन सकते हैं, हमारा काम बंद कर सकते हैं लेकिन दिल्ली के लोगों के लिए काम करने के हमारे जुनून को नहीं रोक सकते।



### जरूरत पड़ी तो आपके घर में रहूंगी- आतिशी

दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली को लोगों के लिए काम करने से उन्हें कोई नहीं रोक सकता है। अगर जरूरत पड़ी तो मैं दिल्ली के लोगों के घरों में रहूंगी। उन्होंने कहा कि तीन महीने पहले भी मेरा सामान सड़क पर फेंक दिया गया था। बीजेपी को याद रखना चाहिए, आज जब उन्होंने मुझे फिर से मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकाल दिया है, तो मैं शपथ लेती हूं कि मैं दिल्ली की हर महिला की सुरक्षा सुनिश्चित करूंगी। उन्होंने कहा कि सरकार दिल्ली के लोगों के लिए लगातार काम कर रही है।



# बोरवेल में गिरी 18 साल की किशोरी की मौत

**एजेंसी । कच्छ**

गुजरात के कच्छ जिले में गहरे बोरवेल में गिरी 18 वर्षीय लड़की को मंगलवार को बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। कई एजेंसियों की 33 घंटे से अधिक समय की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। घटना जिले के भुज तालुका के कंदेराई गांव में सोमवार सुबह करीब 6.30 बजे हुई। उन्होंने कहा कि किशोरी 540 फुट गहरे बोरवेल में 490 फुट की गहराई पर फंसी हुई थी।

# फ्रिज में मिली इंसानी खोपड़ी और हड्डियां

## 20 साल से बंद था डॉक्टर का घर, जांच में जुटी पुलिस



**एजेंसी । चोट्टानिकारा**

केरल के चोट्टानिकारा स्थित पैलेस स्क्वायर के एक मकान में एक इंसानी खोपड़ी और हड्डियां मिली है। यह इंसानी कंकाल मकान के अंदर फ्रीज में रखे हुए थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने इन हड्डियों को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने इन हड्डियों का सैंपल फोरेंसिक लैब भेजा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि कुछ साल पहले इस व्यक्ति की हत्या हुई होगी। बताया जा रहा है कि यह मकान एक 74 वर्षीय डॉक्टर का है और करीब 20 साल से इस मकान को लावारिश छोड़ कर व्यट्टिला में रहते हैं।

हत्या की वारदात भी इसी गतिविधि के दौरान हुई होगी। चूंकि मकान करीब 20 साल से बंद है, इसलिए आसपास के लोगों को भी कुछ ज्यादा जानकारी नहीं है। पुलिए के मुताबिक फिलहाल इस मकान के मालिक 74 वर्षीय डॉ। फिलिप जॉन को सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके बच्चे विदेश में रहे हैं। अब पुलिस उनसे इस घर और इस घर में मिली हड्डियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस घर के संबंध में आसपास के लोगों से भी पूछताछ की है। इसमें पता चला है कि मकान मालिक के ना आने की वजह से इस मकान में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था।

### कालाजादू का शक

पुलिस के मुताबिक स्थानीय लोगों ने इस मकान के अंदर कुछ गलत होने की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायत दी थी। इस शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और मकान की जांच कराई। इस दौरान पता चला कि 14 एकड़ जमीन पर फैले इस मकान में बिजली कनेक्शन नहीं है। मकान के अंदर एक फ्रीज रखा मिला है। इस फ्रीज में भी कंप्रेशर नहीं लगा था। वहीं फ्रीज को खोलने पर अंदर तीन पैकेट में इंसानी खोपड़ी और हड्डियां मिली है। पुलिस को आशंका है कि यहां कोई कालाजादू या कोई अन्य अवैध गतिविधि हो रही होगी।

# भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर जारी

## ▶▶ केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने किया अनावरण




**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने सोमवार को रेल भवन में भारत सरकार के आधिकारिक कैलेंडर का शुभारंभ किया हैं। इस दौरान लॉन्च कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, रेलवे मंत्री ने कहा कि कैलेंडर का विषय सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से लोक कल्याण था। उन्होंने कहा, यदि आप कैलेंडर को देखते हैं, तो यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण और कार्यक्रमों के माध्यम से हम लोगों के जीवन में एक बड़ा बदलाव लाने में सक्षम हैं। इस दौरान जानकारी साझा की गई कि, मंत्री अश्विनी वैष्णव 11 जनवरी को पुणे पब्लिक पॉलिसी (पीपीपीएफ 2025) के दूसरे संस्करण में मुख्य भाषण देंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम पुणे में गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स और भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जाएगा।

# मंगलवार की अमंगल शुरुआत

## भूकंप से भारत समेत 5 देशों में दहशत



### ▶▶ तिब्बत में सबसे ज्यादा तबाही, 53 लोगों की मौत

**एजेंसी । शिगाजे**

भारत समेत 5 देशों में मंगलवार की शुरुआत भूकंप के झटके के साथ हुई। जिन मुल्कों में भूकंप के झटके महसूस किए गए वो भारत, बांग्लादेश, नेपाल, तिब्बत और ईरान हैं। भारत में जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। सबसे ज्यादा तबाही तिब्बत में मची। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गई। भूकंप ने तिब्बत में कई परिवार को कभी ना भूलने वाला दर्द दे गया। यहां 53 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### 6.8 तीव्रता का भूकंप

मंगलवार सुबह नौ बजकर पांच मिनट (चीन के समयानुसार) पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर के डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। 6.8 तीव्रता के भूकंप के कारण 53 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। भूकंप का केंद्र 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। शिन्हुआ के अनुसार, चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि नेपाल की सीमा के पास तिब्बत क्षेत्र में भूकंप आया। भूकंप तिब्बत क्षेत्र के पर्वतीय इलाके में लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में आया।

### नेपाल के किन शहरों में भूकंप?

नेपाल के जिन शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए वो काठमांडू, काभ्रेपलान्चोक, सिंधुपालंचोक, धाडिंग और सोलुखुंबु हैं। भूकंप के झटके आने के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने कुछ समय तक सड़कों के किनारे लगे पेड़ों और बिजली के तारों को हिलते हुए देखा। सुबह सात बजे के आसपास एक घंटे के भीतर कम से कम छह बार चार से पांच तीव्रता वाले भूकंप के झटके दर्ज किए गए। यह भूकंप इतना शक्तिशाली था कि नेपाल के लोग घबरा गए। इसने 2015 में आए भीषण भूकंप की याद ताजा कर दी, जिसमें 9,000 लोग मारे गए थे। हालांकि, नेपाल पुलिस के प्रवक्ता का कहना है कि अब तक उन्हें किसी बड़े नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र तिब्बत में होने के कारण उत्तरी नेपाल में रहने वाले लोगों ने अधिक तीव्र झटके महसूस किए।